दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



मन को न रखें बीमार........
आप रहेंगी मेंटली हेल्दी.....

वर्ष : 11 | अंक : 104 | लखनऊ, 02 अप्रैल, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# यूपी में पढ़ाई जा रही तमिल और तेलुगु समेत कई भाषाएं : योगी आदित्यनाथ

## कांग्रेस ने मांगा सबूत, कहा- डेटा दिखाओ

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ,** इस समय राजनीति में उत्तर दक्षिण देखने को मिल रहा हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन आमने सामने हैं।काफी समय से दोनों के बीच जुबानी जंग चल रही हैं। ताजा बयान बाजी तीन-भाषा नीति पर हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि तीन-भाषा नीति पर विवाद स्वार्थी राजनीतिक हितों के लिए बनाया जा रहा है, जो युवाओं के रोजगार के अवसरों को नुकसान पहुंचाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में, आदित्यनाथ ने कहा कि तमिल और तेलुगु जैसी भाषाएं भी यूपी के स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं, और इससे केवल अधिक नौकरियों का सृजन हुआ है।

### उत्तर प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाई जा रही तमिल– तेलुगु, योगी आदित्यनाथ का दावा

अपने ताज इंटरव्यू में भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने कहा यूपी में, हम तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली और मराठी पढ़ा रहे हैं, तो क्या इसके कारण यूपी छोटा हो गया है? यूपी में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, नौकरियां पैदा हो रही हैं। डीएमके सरकार पर अपने हमले को तेज करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा, ₹जो लोग अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के कारण इस भाषा विवाद को पैदा कर रहे हैं, वे अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं, लेकिन वे एक तरह से युवाओं के रोजगार पर हमला कर रहे हैं। यह बयान योगी आदित्यनाथ ने पीटीआई वीडियो को एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में दिया है- जिसका लिंग नीचे आप देख सकते हैं-

### कांग्रेस ने पलटवार किया

डीएमके की सहयोगी कांग्रेस के कार्ति चिदंबरम ने आदित्यनाथ से पूछा कि यूपी के स्कूलों में कितने शिक्षक तमिल पढ़ा रहे हैं। हैशटैग स्टॉप हिंदी इंपोजिशन के साथ एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस सांसद ने जोर देकर कहा कि तमिलनाडु आने वाले किसी भी प्रवासी श्रमिक को तमिल का कोई पूर्व ज्ञान नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया क्या यूपी सरकार यह विवरण देगी कि उनके स्कूलों में तमिल में पाठ पढ़ाने वाले कितने शिक्षक हैं? कितने छात्रों ने तमिल को भाषा विकल्प के रूप में नामांकित किया है? तमिलनाडु में छात्रों के लिए अनिवार्य रूप से हिंदी सीखने का कोई कारण नहीं है। भाजपा और डीएमके शासित तमिलनाडु के बीच टकराव का मुख्य कारण 'तीन-भाषा फॉमूर्ला' है, जो 2020 की नई शिक्षा नीति (एनईपी) का हिस्सा है। जबकि भाजपा का कहना है कि यह नीति यह सुनिश्चित करेगी कि युवाओं को सभी क्षेत्रों में रोजगार मिले, तमिलनाडु लंबे समय से इसे राज्य पर हिंदी थोपने के प्रयास के रूप में देख रहा है।

### योगी आदित्यनाथ और स्टालिन के बीच जुबानी जंग

यह एक सप्ताह में दूसरी बार है जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भाषा विवाद को लेकर स्टालिन पर निशाना साधा है। पिछले सप्ताह, एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में, आदित्यनाथ ने कहा कि डीएमके प्रमुख क्षेत्र और भाषा के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनका वोट बैंक खतरे में है। तमिलनाडु में अगले साल चुनाव होने हैं, और भाजपा दक्षिणी राज्य में पैठ बनाने के लिए उत्सुक है।

# जंगल में फंसे तीन आतंकवादी, छटपटा रहे...

## जम्मू-कश्मीर पुलिस लेगी अपने पुलिसकर्मियों की शहादत का बदला, एक भी दहशतगर्द नहीं बचेगा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, जम्मू कश्मीर में सेना आतंकियों के खात्मे में लगी हैं। कश्मीर में शांति रहे और आतंक की जड़े कमजोर हो जाए इसके लिए सरकार हर प्रयास कर रही हैं। आतंकवादियों के समूह इस बात से बौखलाए हुए हैं और कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं दहशत फैलाने का। काफी समय से कठुआ में आतंकियों और सुरक्षा बल- पुलिस के जवानों के बीच मुठभेड़ चल रही हैं।इस मुठभेड़ में भारत ने अपने चार जवानों को भी खो दिया। आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान चार पुलिसकर्मी शहीद हो गये। इस दौरान तीन आतंकी भी मारे गये। कुछ के भागने की भी खबर आयी।

### कठुआ में फिर से मुठभेड़, तीन आतंकवादी पकड़े गए

अब ताजा अपटेड भी कठुआ से आ रही हैं। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार रात तलाशी अभियान के दौरान पुलिस की एक टीम पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में रामकोट क्षेत्र के पंजतीर्थी में अभियान जारी है। एक अधिकारी के अनुसार, रामकोट बेल्ट के पंजतीर्थी इलाके में अभी भी अभियान जारी है, जहां तीन आतंकवादी फंसे हुए बताए जा रहे हैं। पिछले आठ दिनों में यह तीसरा ऐसा टकराव है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हिंसक मुठभेड़ के मद्देनजर जंगल में फंसे तीन आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए रात में घेराबंदी की गई है।

### मुठभेड़ के मद्देनजर रात में घेराबंदी कर दी गई

सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के मद्देनजर रात में घेराबंदी कर दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जंगल में फंसे तीनों आतंकवादी भाग न सकें। इससे पहले दिन में उपमहानिरीक्षक शिवकुमार शर्मा ने कहा था कि अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि अंतिम आतंकवादी का सफाया नहीं कर दिया जाता। उन्होंने सीमा के निकट रहने वाले लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया। शर्मा ने रियासी में संवाददाताओं से कहा था, ह्यह्यअभियान जारी है और जब तक एक भी आतंकवादी बचा है, तबतक जम्मू-कश्मीर पुलिस अपने मिशन में लगी रहेगी। हमारा बल आतंकवाद को खत्म करने और जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफटी 23,696.30

# झारखंड के साहिबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर

## लोको पायलट समेत दो की मौत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, देशभर में रेल हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में कई घटनाएं हो चुकी हैं। ताजा खबर झारखंड के साहिबगंज से आ रही हैं जहां दो मालगाड़ियों की टक्कर में लोको पायलट समेत दो लोगों की मौत हो गयी हैं। घटना स्थल पर बचाव कार्य जारी हैं।एजेंसी घटना कैसे हुई इसका पता लगाने में लगी हुई हैं।

### एक टीम को मौके पर जांच में जुटी

जानकारी के मुताबिक, हादसे में कम से कम पांच रेलकर्मी और एक सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज बरहेट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद प्रशासन ने स्थिति का आकलन करने और जांच शुरू करने के लिए एक टीम को मौके पर भेजा।

### कहां हुआ हादसा?

हादसा साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के पास फरक्का-लालमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खाली मालगाड़ी बरहेट एमटी पर खड़ी थी, तभी लालमटिया से आ रही कोयले से लदी थ्रू-पास मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुई।

# अखिलेश यादव ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया विरोध

## हर जगह नियंत्रण चाहती है बीजेपी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर अपना कड़ा विरोध जताया और भारतीय जनता पार्टी पर नियंत्रण पाने के लिए हर चीज में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। यादव ने कहा कि हम वक्फ बोर्ड विधेयक के खिलाफ हैं क्योंकि भाजपा हर चीज में हस्तक्षेप करना चाहती है। वे हर जगह नियंत्रण चाहते हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक को अजमेर दरगाह के समर्थन पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके पीछे भाजपा का हाथ है। यादव ने कहा कि भाजपा किसी से भी कहलवा सकती है, किसी से भी करवा सकती है, यही उनकी खूबी है।

### बीजेपी का हर फैसला वोट के लिए

अखिलेश यादव ने दावा किया कि बीजेपी का हर फैसला वोट के लिए होता है। समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है। वे (बीजेपी) पूरा नियंत्रण चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे जीएसटी हो, नोटबंदी हो या अन्य फैसले, वे (बीजेपी) लोगों से कुछ न कुछ छीनने का काम करते हैं। वे कहते थे कि हम (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या वे (बीजेपी) ईद पर किट बांटकर तुष्टिकरण नहीं कर रहे हैं? अब तक वे हिंदुओं को गुमराह करते रहे और अब उन्होंने मुसलमानों को भी गुमराह करना शुरू कर दिया है।

### चिश्ती ने क्या कहा था

अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद (एआईएसएससी) के अध्यक्ष और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने वक्फ बोर्ड में सुधार के लिए समर्थन व्यक्त किया और मुस्लिम समुदाय से आग्रह किया कि वे वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ दिए गए भावनात्मक उत्तेजक बयानों से प्रभावित न हों, तथा अधिनियम के इरादों पर सरकार के आधिकारिक बयानों पर विश्वास करें। परिषद के अध्यक्ष ने एएनआई को बताया कि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वक्फ बोर्ड के अधीन दरगाहों, मस्जिदों को जब्त नहीं किया जाएगा, जिस पर लोगों को विश्वास करना चाहिए और उम्मीद है कि विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजे जाने के बाद बदलाव अच्छे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चारधाम यात्रा के लिए होने लगी बुकिंग

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, इस वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तीर्थयात्रियों की सुविधा को देखते हुए जौलीग्रांट हेलीपैड से हेलिकॉप्टर सर्विस की शुरूआत होने जा रही है। हेलिकॉप्टर सर्विस की शुरूआत के जरिए श्रद्धालुओं को दर्शन करना आसान हो जाएगा। हेलिकॉप्टर सर्विस की शुरूआत दो मई से होगी। जानकारी के मुताबिक हेलिकॉप्टर में 20 श्रद्धालुओं को ले जाने की सुविधा होगी। ये यात्रा बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए होगी। दर्शन करने के बाद हेलीकॉप्टर से ही श्रद्धालुओं को जॉलीग्रांट पर छोड़ा जाएगा। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की भारी मांग है। आंकड़ों पर गौर करें तो श्रद्धालुओं में इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस यात्रा के लिए जून तक के लिए हेलिकॉप्टर बुकिंग 70 फीसदी तक पूरी हो चुकी है।

#### बुकिंग 20 जून तक कंफर्म

चार धाम की यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सर्विस की बुकिंग जल्दी भरती जा रही है। इस बार केदारनाथ और बदरीनाथ के लिए रुद्राक्ष एविएशन कंपनी के एमआई 17 डबल इंजन हेलिकॉप्टर उड़ान भरेंगे। इससे उड़ान भरने के लिए 20 जून तक की 70 फीसदी बुकिंग पूरी हो चुकी है। बता दें कि हेलिकॉप्टर दो मई से रोजाना उड़ान भरेगा, जिसमें 20 श्रद्धालुओं को जौलीग्रांट से दो धामों के दर्शन कराए जाएंगे और वापस जौलीग्रांट छोड़ा जाएगा। एक दिन में ही श्रद्धालु दो धाम के दर्शन कर सकेंगे और उन्हें रात में विश्राम करने की सुविधा मिलेगी। इस वर्ष सरकार ने रॉयल्टी व लैंडिंग चार्ज बढ़ाया है। इस कारण कंपनियों ने हेलिकॉप्टर सर्विस का चार्ज बढ़ाया है।

# महाराष्ट्र में चल रही अप्रैल फूल सरकार

## कुणाल कामरा नहीं असली कॉमेडी तो ये लोग कर रहे हैं : आदित्य ठाकरे

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



मुंबई, शिवसेना नेता संजय निरुपम द्वारा मुंबई में सड़कों पर मटन, मछली और मांस बेचने वाली दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि हर राज्य वहां की संस्कृति और परंपराओं के अनुसार धर्म को परिभाषित करता है, इसलिए मैं बस इतना ही कह रहा हूं कि आप जिस हिंदुत्व का पालन करते हैं, उसे हम पर न थोपें। कुणाल कामरा विवाद पर उन्होंने कहा कि वे (सत्तारूढ़ सरकार) असली कॉमेडी कर रहे हैं। कॉमेडी देखने गए लोगों पर भी केस दर्ज होना चाहिए।

महाराष्ट्र में चुनाव आयोग के आशीर्वाद से बनी मौजूदा सरकार को 'अप्रैल फूल' सरकार कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कई मुद्दों पर हमें गुमराह करने और मूर्ख बनाने की कोशिश की है...पहले, मुख्यमंत्री ने कहा था कि किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। लेकिन अब उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) कहते हैं कि ऐसा कुछ नहीं किया जाएगा। लाड़की बहन योजना भी बंद होने जा रही है क्योंकि सरकार के पास लाभार्थियों को देने के लिए कोई धन नहीं है। इससे पहले शिवसेना (उबाठा) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने मांग की थी कि जिन लोगों ने कॉमेडियन कुणाल कामरा के विवादास्पद शो की रिकॉर्डिंग किए जाने वाले मुंबई स्टूडियो में तोड़फोड़ की उनसे उनकी हिंसक कार्रवाई से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए कहा जाना चाहिए हैबिटेट कॉमेडी क्लब में अपने शो के दौरान, कामरा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर उनके राजनीतिक कॅरियर और तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ 2022 के बगावत को लेकर चुटकुले सुनाए और व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। टिप्पणियों से गुस्साए शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के सदस्यों ने रविवार रात खार क्षेत्र में स्थित क्लब के साथ ही उस होटल में भी तोड़फोड़ की, जिसके परिसर में यह क्लब स्थित है।

# येशू-येशू वाले ईसाई धर्मगुरु बजिंदर सिंह को हुई उम्र कैद, मोहाली कोर्ट ने दिया फैसला

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**


नई दिल्ली, मोहाली कोर्ट ने मंगलवार को पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। मोहाली कोर्ट ने आरोपी की दया याचिका खारिज करते हुए कहा कि खुद को धार्मिक नेता के तौर पर पेश करने वाला व्यक्ति उन लोगों के खिलाफ ऐसा अपराध नहीं कर सकता जो उस पर आस्था रखते हैं। पिछले हफ़्ते मोहाली कोर्ट ने पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी करार दिया था। इस मामले में पीड़िता ने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ₹वह (बजिंदर) एक मनोरोगी है और जेल से बाहर आने के बाद भी यही अपराध करेगा, इसलिए मैं चाहती हूँ कि वह जेल में ही रहे। आज बहुत सी लड़कियों (पीड़ितों) की जीत हुई है। मैं डीजीपी से अनुरोध करती हूँ कि हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करें क्योंकि हम पर हमले की संभावना है।

### लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार होने के दौरान गिरफ्तार

यह मामला 2018 का है जब जीरकपुर की एक महिला ने बजिंदर सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उसे जुलाई 2018 में लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की कोशिश करते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। जीरकपुर पुलिस ने चमत्कार के जरिए बीमारियों को ठीक करने का दावा करने वाले बजिंदर सिंह के खिलाफ पीड़िता की शिकायत के आधार पर छह अन्य लोगों के साथ एफआईआर दर्ज की थी। अन्य आरोपियों में अकबर भट्टी, राजेश चौधरी, सुच्चा सिंह, जतिंदर कुमार, सितार अली और संदीप उर्फ पहलवान शामिल थे।

# उज्जैन समेत मध्य प्रदेश के धार्मिक महत्व वाले 19 स्थानों पर शराबबंदी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की अगुवाई वाली सरकार ने 1 अप्रैल से राज्य के 19 धार्मिक शहरों में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस साल जनवरी में एमपी कैबिनेट द्वारा स्वीकृत इस निर्णय का उद्देश्य उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर जैसे शहरों की सीमाओं में शराब की बिक्री को रोकना है। सीएम यादव ने इस कदम को नशा मुक्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस निर्णय की घोषणा सबसे पहले मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी को एमपी के महेश्वर शहर में आयोजित एक बैठक के बाद की थी।

यह मंगलवार से शुरू होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए एमपी की नई आबकारी नीति के कार्यान्वयन के साथ लागू हो गया है। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है। यहां शराब और मांस दोनों नहीं बिकना चाहिए। मैं वक्फ संशोधन विधेयक का भी समर्थन करता हूं। आदेशों के बाद, नामित 19 शहर अपने अधिकार क्षेत्र में शराब की दुकानों को संचालित करने की अनुमति नहीं देंगे। इन स्थानों को पवित्र बताते हुए, सीएम यादव ने कहा कि इन शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी सार्वजनिक आस्था और धार्मिक श्रद्धा इस निर्णय के पीछे दो प्रमुख कारण हैं।

### ये शहर होंगे प्रभावित

शराब पर प्रतिबंध उन खास धार्मिक क्षेत्रों पर लागू होगा, जिनमें अलग-अलग स्थानीय प्रशासनिक निकायों द्वारा शासित शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये शहर एक नगर निगम, आधा दर्जन नगर परिषदों और इतनी ही संख्या में ग्राम पंचायतों में फैले हुए हैं। प्रभावित शहरों में से एक, उज्जैन, भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर का घर है। इसी तरह, अमरकंटक मध्य प्रदेश के लोगों के लिए धार्मिक महत्व रखता है क्योंकि यह नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है, जिसे राज्य की जीवन रेखा माना जाता है। चित्रकूट मध्य प्रदेश का एक और तीर्थस्थल है, जो हिंदू पौराणिक महाकाव्य रामायण से जुड़ा हुआ है। पन्ना, मंडला, मुलताई, ऐसे ही धार्मिक महत्व वाले अन्य शहर हैं।

# किताब लेकर भागती बच्ची, वो वीडियो जिसने सुप्रीम कोर्ट को भी हिलाकर रख दिया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए 2021 के ध्वस्तीकरण अभियान को 'अमानवीय और अवैध' करार दिया। सुनवाई के दौरान, अदालत ने एक वायरल वीडियो पर ध्यान दिया, जिसमें अंबेडकर नगर में एक आठ वर्षीय लड़की अपनी किताबें पकड़कर भागती हुई दिखाई दे रही है, जबकि एक बुलडोजर झुग्गियों को गिरा रहा है। दिवंगत गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद के भूखंड के झूठे आधार पर घरों को गिराने के लिए यूपी सरकार और प्रयागराज के नागरिक अधिकारियों की खिंचाई करते हुए, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने कहा कि एक वीडियो है जिसमें एक बुलडोजर द्वारा छोटी झोपड़ियों को ध्वस्त किया जा रहा है, और एक छोटी लड़की अपनी किताबें लेकर भाग रही है। इसने सभी को चौंका दिया है।

न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति भुयान की पीठ ने उत्तर प्रदेश में ध्वस्तीकरण के तरीके पर गहरी चिंता व्यक्त की। पीठ ने नगर निगम को आदेश दिया कि वह अदालत में आने वाले प्रत्येक घर के मालिक को 10 लाख रुपए का मुआवजा दे, जिसमें एक वकील, एक प्रोफेसर और दो महिलाएँ शामिल हैं, जिनके घर इस अभियान में ध्वस्त कर दिए गए थे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा साझा किए गए वीडियो में लड़की हाथों में किताबें लेकर भागती हुई दिखाई दे रही है, जबकि पृष्ठभूमि में एक बुलडोजर झोपड़ियों को ध्वस्त कर रहा है। अखिलेश यादव ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा यूपी के अंबेडकर नगर में एक प्रशासनिक अधिकारी अपनी ताकत दिखाने के लिए लोगों की झोपड़ियां तोड़ रहा है और एक लड़की अपनी किताबें बचाने के लिए भागने को मजबूर है। ये वही भाजपा वाले हैं जो कहते हैं: बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। वीडियो वायरल होने के बाद अंबेडकर नगर पुलिस ने तोड़फोड़ अभियान का बचाव किया। "यह कार्रवाई जलालपुर तहसीलदार की अदालत द्वारा पारित एक निष्कासन आदेश (केस नंबर T202404040205504) के बाद गांव की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए की गई थी। गैर-आवासीय संरचनाओं को हटाने से पहले कई नोटिस जारी किए गए थे। सरकारी जमीन को पुनः प्राप्त करने के लिए राजस्व अदालत के आदेश का पूरी तरह से पालन करते हुए तोड़फोड़ की गई।

## पूर्व मंत्री के बेटे व साथियों ने पास न देने पर ट्रक चालक समेत ग्रामीणो की पिटाई एक साथी गिरफ्तार फरार अन्य की तलाश तेज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव के पास बीते रविवार को पूर्व मंत्री के बेटे के लग्जरी कारो के काफिले के आगे ट्रक आने से नाराज उनके गुर्गो ने ट्रक चालक राजू समेत उसके भाई व बचाने आये दो ग्रामीणो की पिटाई कर दी थी पूरे मामले का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित ट्रक चालक राजू निवासी शेरपुर लवल की तहरीर पर कार नम्बर के आधार पर अज्ञात आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था।जिसके बाद कार नम्बर के आधार पर मारपीट करने वाले एक आरोपी की पहचान कर निगोहां पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया वही पुलिस मारपीट की घटना में शामिल अन्य तीन फरार आरोपियो की सरगर्मी से तलाश में जुटी है ? निगोहां थानाप्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया ट्रक चालक समेत ग्रामीणो की पिटाई करने की घटना में शामिल एक आरोपी संजीव कुमार मौर्य निवासी मनऊ थाना ऊचाहांर जनपद रायबरेली की वीडियो फुटेज के आधार पर पहचान कर सोमवार को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया। वही फरार अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया हैं।

## गुब्बारे टॉफी देकर बच्चों का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज नए सत्र के शुभारंभ में मंगलवार को स्कूल पहुंचे नंन्हे मुंन्हे बच्चों को टॉफी और गुब्बारे देकर उनका स्वागत किया गया वहीं नए सत्र का उद्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे श्रीसत्यनारायण इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 बी०सी० शुक्ला ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए सर्व धर्म समभाव की भावना को ध्यान में रखते हुए विभिन्न धर्मों की आयते व उपदेश पढे कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल एन्थम व दीप प्रज्ज्वलन से हुई प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रार्थना की गई तथा मुख्य अतिथि बी०सी० शुक्ला ने प्रेरक व जागरूक भाषण देकर बच्चों को प्रेरणा दी प्रधानाचार्य-श्री विजय क्रास्ता ने मुख्य अतिथि को विद्यालय प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र अंशुल निवेदी, जय शुक्ला (पत्रकार) मौजूद रहें।

# उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को मिली एक-एक और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरकार की एंबुलेंस बेड़े में मंगलवार को 2554 नये एंबुलेंस शामिल किए गए। जिन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नये एंबुलेंस के आने पर 2429 पुरानी एंबुलेंस को सेवा से बाहर कर दिया गया है।

एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की संख्या में 125 की वृद्धि हुई है, जिसमें से प्रत्येक जिले में इन एंबुलेंस की संख्या एक-एक बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पाट जिले (दुर्घटना बाहुल्य) में एक-एक अतिरिक्त एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस दी गई हैं।

102 एंबुलेंस सेवा के 1224, 108 एंबुलेंस सेवा के 1087 तथा एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा के 118 एंबुलेंस पुरानी हो गई थीं। इनकी जगह 2429 नई एंबुलेंस सेवा में लगाई गई हैं। एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की संख्या जो अब तक 250 थी उसमें 125 की वृद्धि हुई है।प्रदेश में अब तीनों श्रेणी के एंबुलेंसों की कुल संख्या 4845 हो गई है।

इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान से मंगलवार को एंबुलेंसों को रवाना करने के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम नहीं किए।

2017 से पहले स्वास्थ्य विभाग की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपी नहीं है। अब आमजन को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 विभागों के संयुक्त प्रयास और जागरूकता से हम डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों को हराएंगे।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में एंबुलेंस जनता को समर्पित करने का यह कार्यक्रम विश्व में पहली बार हुआ है। एंबुलेंस के सबसे कम रिस्पांस टाइम में यूपी देश में पहले नंबर पर है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डेंगू, मलेरिया, जैपनीज इंसेफेलाइटिस, दिमागी बुखार जैसे रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित 13 विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाएंगे।

अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। 2017 की तुलना में एईएस (एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम) रोगियों की मृत्यु दर में 98 प्रतिशत तथा जेई (जापानी इंसेफेलाइटिस) के रोगियों की मृत्यु दर में 97 प्रतिशत की कमी आई है।

कार्यक्रम में विधायक नीरज बोरा व ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान व पवन सिंह चौहान, स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु महेश्वरी, एनएचएम की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोएल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### इंदिरा नगर सीएचसी पर मिलेगी 24 घंटे इमरजेंसी सेवा

उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान इंदिरा नगर के परिसर में स्थित सीएचसी पर 24 घंटे इमरजेंसी सेवा शुरू करें। सीएचसी पर स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं दिए जाने के लिए भी निर्देशित किया। यह मांग क्षेत्रीय विधायक ओपी श्रीवास्तव ने मंच से की थी।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीमारी से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त। फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी वसीम अहमद (40) काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। बिना बताए मंगलवार सुबह शौंच के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी काफी इधर-उधर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। तभी उसके बाद जानकारी मिली कि गांव के किनारे दोस मोहम्मद के बाग में वसीम का शव पेड़ से तहमत के सहारे लटकता हुआ मिला. परिजनों ने



मृतक वसीम फाइल - फोटो

बताया कि वसीम लंबे समय बीमारी से ग्रसित चल रहे थे जिससे तंग आकर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालांकि, पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। मृतक के परिवार में पत्नी रूबी, बेटा यूसुफ, बेटी सायरा, बानों है. जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

## नदी में नहाने उतरे दो युवकों की डूबकर मौत, मचा कोहराम

**बिरसिंहपुर गांव के पास की घटना. गोमती नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से हुई मौत. तीसरे ने तैरकर बचाई अपनी जान**

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। नदी में नहाने आए माल के दो युवकों की पानी में डूबकर मौत हो गई। तीसरे साथी ने किसी तरह तैरकर बचाई अपनी जान। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम मवई निवासी सर्वेश कुमार (21) पुत्र छोटा, सर्वेश (22) पुत्र मूलचंद और अनिल कुमार (20) पुत्र ओमप्रकाश अपनी बाइकों के सहारे गांव से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित अटरिया थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव पहुंचे। यहां आकर तीनों युवक गोमती नदी में स्नान करने लगे।

मिली जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार और सर्वेश अचानक गहरे पानी में चले गए। इनके साथ तीसरे साथी अनिल कुमार भी डूबने लगा। चीख-पुकार के बीच किसी तरह तीसरे साथी ओमप्रकाश ने नदी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और सर्वेश कुमार और सर्वेश के परिवारीजनों को फोन पर सूचना दी। सूचना पर अटरिया थाना एसओ रोहित दुबे बिरसिंहपुर पुल पर पहुंचे। इसी बीच परिजन भी आ गए।

इस बीच गोताखोरों की मदद से सर्वेश कुमार और सर्वेश को किसी तरह बाहर निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। क्षेत्राधिकार सिधौली कपूर कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज किए। इनका कहना है कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजने की कार्रवाई अटरिया पुलिस ने की है, परिवार के लोगों ने किसी भी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं।

मौत की सूचना मिलते ही भारी संख्या में मृतक के परिजन व गांव के लोग रिश्तेदार मौके पर इकट्ठा हो गए। जो बस यही कह रहे थे कि यह घटना कैसे हो गई कुछ समझ नहीं आ रहा है।

## लखनऊ में मैच शुरू होने से पहले ही लगा जाम, इकाना स्टेडियम में आईपीएल को लेकर जुटी भीड़




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में आयोजित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच शुरू होने से पहले ही सुल्तानपुर रोड पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि मंगलवार की शाम 7:30 बजे से शहर के अहिमामऊ स्थित अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब नाइट राइडर्स की भिड़ंत होनी है। इसे लेकर दोपहर करीब तीन बजे से ही दर्शकों का आवागमन शुरू हो गया। भीड़ बढ़ने के कारण शाम करीब छह बजे से अहिमामऊ चौराहे से सुल्तानपुर रोड पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसे छुड़ाने में ट्रैफिक पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### 13वां अहम मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच

बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र का 13वां अहम मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराने वाली एलएसजी की टीम अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहला मुकाबला खेलने उतरेगी, जहां उसकी नजर जीत से शुरूआत करने पर होगी। हालांकि, दिग्गजों से सजे पंजाब से मेजबानों को कड़ी चुनौती मिल सकती है। गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराकर लखनऊ पहुंची श्रेयस अय्यर की टीम के हौसले बुलंद हैं। पूरन और मार्श के भरोसे लखनऊ लखनऊ सुपर जायंट्स ने अभी तक दो मुकाबले खेले हैं। दोनों मैचों में टीम की बल्लेबाजी निकोलस पूरन और मिचेल मार्श पर निर्भर रही। पूरन व मार्श ने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकीय पारी खेली। डेविड मिलर ने पहले मैच में तो अच्छी पारी खेली, लेकिन दूसरे मुकाबले में महज 13 रन बनाकर चलते बने। आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी और एलएसजी के नए कप्तान रिषभ पंत का बल्ला दोनों मैचों में खामोश रहा। ऐसे में टीम प्रबंधन घरेलू मैदान पर पंजाब के खिलाफ पंत के साथ पूरन और मार्श से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी। आयुष बडोनी और एडम मार्करम भी कोई कमाल नहीं कर पाए हैं।

### कमजोर गेंदबाजी को शार्दुल का सहारा

मोहसिन खान की जगह टीम से जुड़े तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर पहले दो मैचों में छह विकेट हासिल कर अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे हैं, लेकिन मयंक यादव और आकाशदीप के चोटिल होने का असर लखनऊ सुपरजायंट्स की गेंदबाजी पर नजर आ रहा है। ऐसे में एलएसजी को एक बार फिर ठाकुर से धमाकेदार गेंदबाजी की आस होगी।

## आबादी के बीच खुल रहे अग्रेंजी शराब ठेके के विरोध में उतरे व्यापारी व कस्बावासी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे के मुख्य चौराहे के पास अग्रेंजी शराब ठेका खुलने की मगंलवार को जानकारी मिलते ही कस्बावासी समेत व्यापारी विरोध में उतर आये ओर मोहनलालगंज एसडीएम अंकित शुक्ला से लिखित शिकायत करते हुये अग्रेंजी शराब ठेके का संचालन आबादी व चौराहे से हटकर कराये जाने की मांग की।

### एसडीएम से लिखित शिकायत कर आबादी के बीच अग्रेंजी शराब ठेका ना खोले जाने की मांग

मोहनलालगंज कस्बे में मौरावां तिराहे के पास रहने वाले शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, शशि कुमार अवस्थी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, अजय अवस्थी समेत दर्जनो लोगो ने एसडीएम से शिकायत करते हुये बताया चौराहे पर स्थित दीनू गुप्ता की दुकान पर अग्रेंजी शराब का ठेका नियमो की अनदेखी कर खोला जा रहा है, जब कि आस-पास आबादी समेत दुकाने व स्कूल है जिसके चलते लोगो को परेशानी होगी इस लिए उक्त अग्रेंजी शराव का ठेके का संचालन कस्बे के बाहर किया जाये जिससे लोगो समेत दुकानो में आने वाले ग्राहको व स्कूली बच्चो को परेशानी ना हो एसडीएम ने व्यापारियो व ग्रामीणो की शिकायत को गम्भीरता से लेनेक की बजाय डीएम से मिलकर शिकायत करने की बात कहकर चलता कर दिया हालाकि नाराज व्यापारियो व कस्बावासियो ने सीएम जनसुनवाई पोर्टल समेत उच्चाधिकारियो को पत्र प्रेषित किया है।

## यूपी में बजट जारी होने पर भी लटकी हैं सेतु निगम की 165 परियोजनाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गाजीपुर की कासिमाबाद तहसील में मगई नदी पर ग्रामीणों ने स्वयं पुल बनाने का कार्य शुरू किया है। वर्षों तक प्रशासन व शासन से पुल निर्माण की गुहार लगाने के बाद सुनवाई न होने पर ग्रामीणों ने पुल बनाने का निर्णय लिया और करीब 60 लाख रुपये से अधिक का चंदा एकत्र कर पुल का निर्माण शुरू कर दिया है। अगर इस पुल का निर्माण सेतु निगम को सौंपा जाता तो ग्रामीणों को कितना लंबा इंतजार करना पड़ता, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 165 परियोजनाओं के लिए 95 प्रतिशत राशि लेने के बाद भी वर्षों से सेतु निगम इनका काम पूरा नहीं करा पा रहा है। कासिमाबाद में भारतीय सेना में कैप्टन रहे रवींद्र यादव की देखरेख में ग्रामीण श्रमदान करके पुल का निर्माण कर रहे हैं।

सरकार ने प्रदेश में पुलों के निर्माण में तेजी लाने के लिए विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की स्थापना वर्ष 1973 में कराई थी। इसके बाद से सेतु निगम ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली सहित अन्य राज्यों व ईराक, नेपाल तथा यमन में विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कुछ को छोड़कर अधिकतर परियोजनाओं में देरी के चलते सेतु निगम को काम मिलने बंद हो गए। आज हालात यह हैं कि बाहरी राज्यों की एक दो परियोजनाओं को छोड़कर सेतु निगम के पास केवल उत्तर प्रदेश की परियोजनाएं बची हैं। इन्हे लेकर भी सेतु निगम पूरी तरह से गंभीरता नहीं है, यही वजह है कि सेतुओं व आरओबी की 165 परियोजनाएं पर्याप्त राशि मिलने के बाद भी लटकी हुई हैं। वर्तमान में जिन परियोजनाओं को लेकर सरकार द्वारा 95 प्रतिशत राशि जारी की जा चुकी हैं। उनमें अयोध्या परिक्षेत्र की 27 परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनमें से सिर्फ दो का काम पूरा किया सका है, जबकि 25 का काम लटका हुआ है। इसी प्रकार राजधानी परिक्षेत्र लखनऊ की 23 में एक परियोजना का काम पूरा किया जा सका है।

### बरेली में 11 में से सिर्फ एक परियोजना का काम हुआ पूरा

बरेली की 11 में से एक का काम पूरा किया जा सका है। आगरा में 14 में से दो, गाजियाबाद में 18 में से एक, गोरखपुर में 13 में से दो, कानपुर में 18 में से दो, प्रयागराज में 19 में से छह व वाराणसी में 14 में से दो परियोजनाओं का काम ही पूरा किया जा सका है।

## पशु आश्रय स्थल का मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।मगंलवार को मोहनलालगंज के खुजौली गांव में स्थित पशु आश्रय स्थल का गोवंशो की देखभाल और गोशाला की व्यवस्था जांचने के लिए? मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया जिसमें उपजिलाधिकारी ने गोवंश के लिए गर्मी से बचाव, भूसे और पानी की व्यवस्था की जांच की उपजिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश देते हुए पशुओं को हरा चारा देने के साथ ही उचित देखभाल के निर्देश दिए।

मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने मगंलवार को बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में मोहनलालगंज ब्लाक के खुजौली ग्राम पंचायत में स्थित पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान वहां 163 पशु पाए गए जिसके बारे में उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने वहां मौजूद सचिव व कर्मचारियो से जानकारी की और उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने गोवंश के लिए भूसा और पानी की व्यवस्था की भी जांच की लेकिन निरीक्षण के दौरान गौवंशो की चरही में हरा चारा नही दिखा, जिस पर नाराजगी जताते हुये गौवंशो को हरा चारा देने के निर्देश दिये।इस दौरान वहां मौजूद पशु चिकित्साधिकारी से गोवंश के स्वास्थ्य की नियमित जांच को कहा उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने बताया कि पानी व भूसे की व्यवस्थाएं ठीक मिली हैं प्रधान व सचिव को गोवंश के लिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करने को कहा गया है साथ ही गोवंश का पशु चिकित्सकों से नियमित जांच कराने को भी कहा गया है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रधान राजकुमार, सचिव अकरम अंसारी मौजूद रहे।

## फर्जी दस्तावेजो के सहारे वसीयत कराने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज पुलिस ने न्यायालय एसीजेएम तृतीय के आदेश पर पीजीआई अस्पताल में गम्भीर बीमारी की हालत में भर्ती बुजुर्ग को सब रजिस्टार आफिस ले जाकर चल अचल सम्पत्ति अपने नाम कराने वाली पत्नी समेत छः के विरूद्व धोखाधड़ी व जालसाजी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है ?? गोसाईगंज के बाजार मध्य निवासी नीरज मिश्रा ने बताया उसके पिता कृष्णकांत मिश्रा बीमारी की चपेट में आने के बाद से चलने फिरने में असमर्थ थे ओर उनका लखनऊ के कई बड़े अस्पतालो में इलाज भी हुआ था, 6 अप्रैल 2024 को पिता के गम्भीर रूप से बीमार होने पर मां मालती मिश्रा समेत भाई धीरज मिश्रा व अनुज मिश्रा ने पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया था, इस दौरान सम्पत्ति हड़पने के लिये मां समेत भाई-बहनो ने अस्पताल के कर्मचारियो की मिलीभगत से बिना आक्सीजन सपोर्ट के गम्भीर रूप से बीमार पिता को 6 अप्रैल को कार से मोहनलालगंज सब रजिस्टार आफिस ले जाकर उनकी चल अचल सम्पत्ति की वसीहत अगूंठा लगाकर अपने नाम करा ली जब कि पिता पढे लिखे थे अगर होश में होते तो अपने हस्ताक्षर करते वसीयत कराने के बाद पिता को वापस पीजीआई अस्पताल में लाकर एडमिट करा दिया गया उक्त सभी ने धोखाधड़ी व जालसाजी करते हुये कूटरचित दस्तावेजो के सहारे पिता की सम्पत्ति अपने नाम करायी।पीड़ित ने बताता मोहनलालगंज कोतवाली समेत पुलिस के उच्चाधिकारियो से पूरे मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग भी की थी लेकिन उसकी शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

जिसके बाद आरोपियो पर कार्यवाही के लिये एसीजेएम तृतीय के न्यायालय में वाद दायर किया था जिसके बाद न्यायालय ने मामला सही पाये जाने पर सभी आरोपियो पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने के मोहनलालगंज पुलिस को आदेश दिये थे।

थानाप्रभारी ने बताया न्यायालय के आदेश के क्रम में मृतक बुजुर्ग की सम्पत्ति को फर्जी व कूटरचित दस्तावेजो के सहारे अपने नाम कराने वाली पत्नी व दो बेटो व एक बेटी समेत छः के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## बीसी प्वाइंट का किया गया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सीएससी इंडियन बैंक बीसी सम्बद्ध शाखा ससपन का उद्घाटन सीएससी उत्तर प्रदेश राज्य प्रमुख राजेश मिश्रा एवम गौरव खन्ना एजीएम के द्वारा रहीमाबाद के गुजराजगंज में फीता काटकर किया गया। बैंक मैंनेजर अनिल कुमार अश्वनी सीएससी जिला प्रबंधक रविंद्र कुमार वर्मा, अभिषेक शर्मा, एफआई बैंकिंग सीएससी व क्षेत्र के रमेश सिंह चौहान, अशोक पाण्डेय, सुनील सिंह, मानवेंद्र सिंह चौहान- उदयवीर सिंह, मुकेश सहित काफी संख्या मे ग्रामीण ऊपस्थित रहे।बीसी सांचालक अजय सिंह के द्वारा सभी का सम्मान किया गया।

## बस्ती के बीच शराब ठेके को लेकर लोगों ने दिया धरना

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के मझिगवां में बस्ती के बीच में खुल रहे शराब के ठेके के विरोध में ग्रामीणों व भाकियू कार्यकर्तओं ने प्रदर्शन कर नही खुलने दी दुकान।

मंझिगवां में बस्ती के अंदर शराब का ठेका खोला जा रहा जिसको बस्ती के बीच से हटाने को लेकर ग्रामीणों व भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के लोगों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया हालांकि प्रदर्शन के दौरान कोई जिम्मेदार मौके पर नही पहुंचा लेकिन ग्रामीणों ने दुकान नही खुलने दी।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि बस्ती के अंदर शराब का ठेका खुलने से उधर से निकलने वाली



छात्राओं व महिलाओं के साथ ही आम लोगों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। आसपास के लोगों का रहना दुश्वार हो जाएगा। इसके चलते हम लोग प्रशासन से मांग कर रहे है कि यह ठेका यहां से हटाकर कहीं और खोला जाए। धरने में विनोद कुमार दिनेश पाल वीरपाल बैजनाथ मेवालाल बद्रीप्रसाद शिवकुमार सावित्री केशवती शिवरानी विद्यावती सहित अन्य महिलायें व पुरूष मौजूद रहे।

## आवारा साड़ के हमले से युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के फिरोजपुर कला गांव में एक जंगली सांड ने 55 वर्षीय अनवर पर हमला कर दिया। अनवर अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए सांड ने उन्हें कई बार उठाकर पटक दिया। स्थानीय लोगों ने सांड को भगाया और घायल अनवर को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी थाना प्रभारी संदीप मिश्रा के अनुसार, अनवर की हालत अभी भी गंभीर है। फिरोजपुर कला और आसपास के इलाकों में आवारा पशुओं का आतंक है। जंगली सांड किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे हमले आए दिन हो रहे हैं। सांड खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार विकास खंड कार्यालय और प्रशासन से शिकायत की है। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस ने कहा है कि वे उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराएंगे। ग्रामीणों की मांग है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए और किसानों की सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। ढाकिया गांव के 45 वर्षीय देशराज अपनी नातिन के मुंडन संस्कार से लौट रहे थे। रायपुर मजरा उसरी से घर जाते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देशराज गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने देशराज को मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान अपने परिवार की गुजर-बसर खेतीबाड़ी से करते थे। उनके परिवार में पत्नी फूलकुमारी, दो बेटे और तीन बेटियां हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन और चालक की पहचान की जा रही है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। देशराज अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

# मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र का हुआ शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजनांतर्गत (ठइल्रट) मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण विश्व विख्यात वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह परौदा, विशिष्ट अतिथि पूर्व उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डॉ पी दास, सहायक महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली डा रंजय कुमार सिंह थे। कार्यक्रम के पहले अतिथियों ने हसनगंज के नसरतपुर जंगलेमऊ में पौध संरक्षण वैज्ञानिक डा जय कुमार यादव द्वारा चलाये जा रहे आई पी एम तकनीकी एवं बीबीपुर चिरियारी में कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक इंजी रमेश चंद्र मौर्य द्वारा कराए गए लैंड लेजर लेवलर से समतली करण एवं सुपर सीडर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के साथ गेहूं की बुआई का प्रदर्शन देखा और कृषकों से संवाद भी किया। भ्रमण के उपरान्त मुख्य अतिथियों ने केंद्र के वैज्ञानिकों से हो रहे कार्यों का मूल्यांकन किया। डा धीरज कुमार तिवारी प्रभारी ने केंद्र द्वारा किए गए 25 वर्षों के कार्यों की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी अतिथि केन्द्र पर चल रहे वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय सेमिनार में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत गौ माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष मोहित कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं केंद्र की स्थापना के विषय पर कृषकों और अतिथियों को बताया। संस्थापक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने कृषकों को बताया कि किसानों के लिए सौभाग्य की बात है कि हम इतने दिनों से प्रयास कर रहे थे और आज वो घड़ी आई जिसमें पदम भूषण विश्व विख्यात वैज्ञानिक को सुनने का मौका मिला और साथ ही बताया कि आप सभी के लिए केंद्र स्थापित किया गया है आप सभी उसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्म भूषण डा राजेंद्र सिंह परौदा ने किसानों को बताया कि केंद्र पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित हो रहा है जिससे युवाओं को वोकेशनल ट्रेनिंग लेकर मधुमक्खी पालन करना चाहिए जिससे आपकी आय में बढ़ोतरी के साथ ही आपके फसल उत्पादन में भी वृद्धि होगी साथ ही बताया मधुमक्खी पालन करके शहद को एक्सपोर्ट भी कर सकते हैं। डा पी दास पूर्व उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने किसानों को बताया कि आप सभी कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से नवीनतम तकनीकियों को अपनाए और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का प्रयास करें। डा रंजय कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं के उद्यमिता विकास हेतु तरह तरह के डिप्लोमा कोर्स की शुरूआत पंजाब और हरियाणा के तर्ज पर करना चाहिए जिसमें युवा उद्यम स्थापित कर सकें और युवाओं को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों का समय समय पर भ्रमण कराना चाहिए जिससे तकनीकी ज्ञान ले सकें और उस पर अमल कर सकें। अशोक कुमार सिंह पूर्व अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मृदा वैज्ञानिक रत्ना सहाय ने किया और साथ उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के बारे में प्रकाश डाला। डा जय कुमार यादव नोडल मधुमक्खी पालन परियोजना ने बताया कि कृषकों एवं एफपीओ से जुड़े हुए सदस्यों के लिए उद्यम स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजनांतर्गत दो दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम नेशनल बी बोर्ड नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था जिससे किसानों को जागरूक करा पाना संभव हुआ जिससे कृषक अपनी स्किल का प्रयोग करके उद्यम स्थापित कर सकते हैं और बताया कि मधुमक्खी पालन करने के लिए आपको कभी भी तकनीकी सहयोग की आवश्यकता हो आप सभी लोग कृषि विज्ञान केंद्र धौरा में सम्पर्क कर सकते हैं आप सभी की हर संभव मदद की जायेगी। किसानों को बताया कि मधुमक्खी पालन करके आप अपने फसलों की उत्पादकता भी बढ़ा सकते हैं जिससे आपकी फसल अच्छी तो होगी ही साथ ही साथ शहद का भी उत्पादन होगा। कार्यक्रम में डा पंकज नौटियाल वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई, जिला उद्यान अधिकारी उन्नाव सुरेन्द्र भास्कर, केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा ए के सिंह, डा अर्चना सिंह, रत्ना सहाय, डा धीरज कुमार तिवारी, सुनील सिंह, इंजी. रमेश चंद्र मौर्य, डा जय कुमार यादव, डा विनीता सिंह, शांतनु सिंह, अनुभव सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ सुसंगत धाराओं में मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। कस्बा भगवंतनगर के वार्ड नं०1 में हुई मारपीट मामले में चौकी भगवंतनगर द्वारा मुकदमा न लिख समझौता कराने के प्रयास में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

कस्बा भगवंतनगर के बाजपेयी खेडा वार्ड नं०1 निवासी राजेन्द्र रावत पुत्र हरी शंकर ने तहरीर देकर बताया था कि सोमवार 24 मार्च शाम को गाँव के ही अंश बाजपेई पुत्र सुनील, गौरव बाजपेई पुत्र सुनील बाजपेई, सुनील बाजपेई पुत्र करुणा बाजपेई घर पर चढ़ाई कर के गाली गलौज व जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए मेरे भान्जे व बिटोला देवी व मुझे मारा पीटा। मेरे भांजे के सर पर गंभीर चोट भी आई। इस घटना की जानकारी चौकी भगवन्तनगर में दी तो चौकी इन्चार्ज ने उल्टा समझौता का दबाव डालते हुए भगा दिया। जब मैं बिहार थाने गया तो वहाँ पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई वहाँ पर भी लगातार समझौते को दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक की शरण मे जाने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना बिहार में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति नृशंसता अधि०सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

## मंदिर व स्कूल के पास देशी शराब ठेका खुलने से ग्रामीणों में आक्रोश



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। माढापुर रोड स्थित सरकारी देशी शराब ठेका स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ठेके के पास स्कूल और मंदिर होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित इस शराब ठेके पर शराबियों की भीड़ लगी रहती है। यह मंदिर शादी-विवाह में कुआं पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालु शराबियों की वजह से मंदिर जाने से कतरा रहे हैं। पास के एक निजी विद्यालय में पढ़ने वाले 200 से अधिक बच्चे भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि शराबियों की भीड़ से बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की आशंका है। अभिभावक ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और 1076 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि यह विरोध टेंडर प्रक्रिया में असफल रहे लोगों द्वारा किया जा रहा है। महिलाएं और बच्चे शराबियों की अशोभनीय हरकतों के कारण वहां से गुजरने में असहज महसूस करते हैं। स्थानीय लोगों को डर है कि नशे में धुत लोग अभद्रता कर सकते हैं।

# मां चन्द्रघंटा के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों में दुर्गा के स्वरूप मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं, घरों में भी भक्तों ने विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की। मंगलवार को मां चंद्रघंटा के स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि मां चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उपवास रखकर व दुर्गा शप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। पोनी रोड स्थित सोमा गौरी, झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिरों, कंचन नगर में कंचना मंदिर, चंपापुरवा में मंशा देवी व दुर्गा मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। वहीं, राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक स्थलों पर लोगों ने मुंडन व कर्ण छेदन जैसे संस्कार कार्यक्रम भी कराए। दुर्गा मंदिरों में तड़के सुबह चार बजे से खासकर महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं दूर-दराज के गांवों से नंगे पैर मां की चौखट पर अपनी मनोकामना पूरी होने की कामना करने पहुंची। भक्तों ने घरों व मंदिरों में कन्या भोज भी कराया। वहीं, मंदिरों में महिलाओं ने मां के भजन कीर्तन, गीतों को गाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आरती के साथ ही भक्तों में प्रसाद वितरण कराया गया। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के पास दोनों और दुकाने लगे हैं मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद महिलाएं चुनरी मूर्ति कंगन समेत अन्य सामग्रियां की खरीदारी कर रही है, सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर के अंदर बाहर वर्दी और शादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती भी है।

## नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर दी मुबाकरकबाद



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नगर में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह बड़ी ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई, जिससे पूरे नगर में खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र देवांग बाजपेई भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समुदाय को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से गले मिलकर मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद भाईचारे और एकता का पर्व है, जो हमें प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। सफीपुर हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है और आगे भी रहेगा। ईदगाह परिसर और पूरे नगर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की ओर से पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने भी चेयरमैन पुत्र की इस पहल की सराहना की और इसे सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने वाला कदम बताया। ईद के इस खास मौके पर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों का स्वाद लिया और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

## बेटी का मुंडन कराने जा रहे लोडर सवार परिवारजन सड़क दुर्घटना में घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। लोडर का टायर फट जाने से बेटी का मुंडन कराने जा रहे परिवारजन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिनमे से छः गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्तपताल रिफर कर दिया अन्य का प्राथमिक उपचार उपरांत घर भेज दिया गया। रायबरेली के शिवगढ़ निवासी विश्वम्भर पुत्र रामसरन अपनी पाँच वर्षीय बेटी प्रियांशी का मुण्डन कराने सोमवार को बक्सर के माँ चण्डिका धाम जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे भगवंतनगर-बक्सर मार्ग पर भदेवरा गाँव के समीप लोडर का टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर कुछ दूरी पर जाकर पलट गया। लोडर में दो दर्जन से ज्यादा परिजन सवार थे। जिनमे से 22 लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर सुमेरपुर, पुरवा आदि की एम्बुलेंस मौके पर पहुचने लगी व घायलों को सुमेरपुर अस्तपताल लाया गया। गंभीर रूप से घायलो में सलोनी पुत्री साहबदीन निवासी डेकवा, कमलेश कुमारी पत्नी हीरालाल निवासी अवध अली पूरा, भनुमति पत्नी विशेश्वर निवासी बछरावां, सुशीला पत्नी मथुरा प्रसाद निवासी डेकवा चांदनी पुत्री भगवानदीन निवासी डेकवा खुशबू पत्नी कुलदीप वैतयी पुरवा जिला रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मौके पर मौजूद डॉक्टर नरेंद्र कृष्णा ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायलों में रामपाल, सुनीता, गोमती, लक्ष्मी, जान्हवी, शनि आदि को प्राथमिक उपचार उपरांत घर भेज दिया गया। अस्पताल में बेड ना होने पर मरीज अस्पताल की फर्श पर पड़े करहाते दिखे। अस्तपताल के एक ही बेड पर तीन-तीन मरीजो को एक साथ लिटाकर इलाज किया गया।

घायल सलोनी का पैर टूटा होने के कारण ओपीडी ना ले जाकर डॉक्टरो ने पहने हुए कपड़ों के ऊपर से ही पट्टी बांध दी।

# रेड कार्पेट व फूल मालाओं से बच्चों का हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नए सत्र में बच्चों के आगमन पर स्वागत व नामांकन वृद्धि के लिए शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का जिले में सकारात्मक असर देखने को मिला। बीएसए और बीईओ ने नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

औरास के उ प्रा वि रामपुर गढ़ौवा में शिक्षकों ने विद्यालय को गुब्बारों, रंगोली, झंडियों और फूलों से सजाने के साथ ही मेन गेट से बरामदे तक रेड कार्पेट बिछाई। रमनजीत कौर ने तिलक एवम आरती, शाहें खुबां ने गुलाब और प्रधानाध्यापिका शशी ने माला पहनाकर बच्चों का प्रवेश करवाया। सभी ने एक साथ करतल ध्वनि से बच्चों का स्वागत किया। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियां दशार्ते हुए बच्चों को और अधिक परिश्रम कर अपने गांव और देश का नाम ऊंचा करने की सीख दी, साथ ही कुछ चुनिंदा स्थानों पर बच्चों के साथ पेड़ लगाए। शिक्षकों के साथ बच्चों ने भी जापानी मॉडल की भांति स्कूल की स्वच्छता हेतु श्रमदान किया। खाने में बच्चों को हलुवा और खीर परोसा गया। वर्तमान सत्र में कक्षा 6 में आज नवीन सत्र की शुरूआत में अभिभावक अपने बच्चों का नाम लिखवाने हेतु विद्यालय पहुंचे। समस्त स्टाफ एवम रसोईयां उपस्थित रहीं।

सफीपुर के प्रा वि रायपुर मुड़हा में प्रधान शिक्षक संजीव संखवार, सहायिका कमलदीप कौर, सीमा कटियार एवम प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश कश्यप ने मेन गेट पर फीता काटकर बच्चों का प्रवेश करवाया। शिक्षकों ने रोली तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। संजीव संख्वार ने बच्चों के लिए विशिष्ट भोजन उपलब्ध करवाने के साथ ही चॉकलेट एवम्पेन बांटें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की फसल में लगी आग, दस बीघा जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटरी औरंगाबाद में गांव खुसरूपुर के निकट अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग से गेहूँ की खड़ी करीब दस बीघा फसल जलकर राख हो गई। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चला कर और ट्रैक्टर से फसल की जुताई कर आग पर काबू पाया। उधर फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर नियंत्रण पाया।

क्षेत्र के गांव खुसरूपुर के पास पकी खड़ी गेहूं की फसल में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे गेहूं की फसल जलने लगी, फसल जलते देख ग्रामीण दौड़ पड़े और आनन फानन आग बुझाने के संसाधनों को जुटाने में लग गए। इस बीच आग ने जगदीश, कोमल, प्रीतम, तारा सिंह, जयकरन, सुखदेव आदि के खेतों में खड़ी फसल को चपेट में ले लिया। जिससे करीब आधा दर्जन किसानों की लगभग दस बीघा जमीन पर खड़ी फसल जलकर राख हो गई। उधर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भी काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस बीच ग्रामीणों ने आग को बढ़ने से रोकने के लिए ट्रैक्टर से खड़ी फसल की जुताई भी कर दी जिससे आग आगे न बढ़ने पाए। उधर पंपिंग सेट आदि चलाकर ग्रामीणों ने भी आग को बढ़ने से रोक लिया। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया तथा रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही।

# बुरी नीयत से घर में घुसे युवक ने की थी महिला की हत्या

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के गाँव किशुनीखेडा मजरे अलीपुर में घर मे अकेली रह रही महिला निर्मम हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारोपी युवक को आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के किशुनीखेडा निवासिनी सुनीता पत्नी अशोक कुमार धानुक उम्र 45 वर्ष की हत्या रविवार की रात उस समय कर दी गयी जब वह रात में घर पर अकेली रह रही थी। रविवार शुबह जब पड़ोस में ही ननिहाल में रहने वाले भांजे आदर्श कुमार पुत्र उमेश द्वारा अपनी मामी को आवाज देने के बाद भी बाहर न आने पर किसी अनहोनी के शक पर वह घर से सटे आम के पेड़ के रास्ते छत पर गया जहा उसने मामी का रक्त रंजित शव देख शोर मचाया था। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह सहित आला अधिकारी मौके पर पहुँच कर मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस की पाँच टीम गठित कर दी थी। देवर राकेश पुत्र स्व०मुन्नू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ब्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने का मामला दर्ज कर लिया था। उक्त मामले में सोमवार को विवेचना दौरान सुनील उर्फ कलिन्दा पुत्र रमेश उर्फ मकरी रैदास नि०ग्राम रसूलपुर थाना बारासगवर नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की खास सूचना पर सुनील उर्फ कलिन्दा को रसूलपुर तिराहा से गिरफ़्तार किया गया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई वह टूट गया उसने बताया वह आम के पेड के सहारे सुनीता के घर में घुसा था। वह जाग गयी और उसे पकडने लगी और जब वह बचाकर भागने लगा कि तभी तख्त पर पडी कुल्हाडी मुझे मिल गयी और अपने बचाव में उसी से उसके सर व चेहरे पर कई वार कर घायल कर दिया। कुल्हाडी का बेट टूट गया और कुल्हाडी का फॉल वही मौके पर गिर गया और टूटा हुआ कुल्हाडी का बेट मेरे हाथ में रह गया था सुनीता भी वही जमीन पर गिर गयी मैंने उसके बाद उसको हिलाया दुलाया लेकिन वह कुछ बोल नहीं सकी तब मैं डर गया था और जिधर से घर के अन्दर गया था उधर से वापस भाग आया था और तालाब के पास जाकर मैने वह कुल्हाडी का टूटा हुआ बेंट छिपा दिया था। बरामदगी एवं अभियुक्त द्वारा जुर्म स्वीकार करने की बात के आधार पर अभियुक्त सुनील उर्फ कलिन्दा को हिरासत पुलिस में लेकर मा० न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्रनाथ मिश्र उ0नि0 श्री विनोद कुमार, उ0नि0 निखलेश कुमार (प्रभारी सर्विलांश टीम), का0 प्रशान्त बालियान व स्वाट टीम, उ0नि0 ज्ञान सिंह, हे0का0 आशीष मिश्रा आदि शामिल रहे।

## महिला ने दर्ज कराया ससुरालीजनो पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत विवाहिता द्वारा ससुरालीजनो द्वारा दहेज मांगने व प्रताड़ित किये जाने पर पाँच लोगो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना क्षेत्र की चौकी भगवंतनगर के गाँव संगन खेडा निवासिनी सुधा देवी पुत्री शोमनाथ रावत ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 6 मई 2023 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार राज किशोर पुत्र अगनू रावत ग्राम रम्भाखेड़ा थाना पुरवा जिला उन्नाव के साथ सम्पन्न हुई थी। मेरे माता पिता ने अपनी सामर्थ्यनुसार स्प्रलेण्डर गाड़ी व 2 लाख रुपया नगद व अन्य दहेज का सामान दिया था। शादी के बाद से ही ये लोग बुलेट गाड़ी की मांग करने लगे। मना करने पर ससुर अंगनू सास श्रीमती रामरती, नन्द कुमारी पूनम देवी देवर आशीष सभी लोग आग बबूला हो गये। इन लोगो ने मुझको मारपीटा। 10 अगस्त को मेरे पति मेरा इलाज कराने का बहाना बनाकर मायके संगनखेड़ा छोड़ कर चले गये। तब में वह सदमें से ठीक नहीं हो पा रही है। और बीमार हो गयी है। थाना प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी ने तहरीर के आधार पर पति, सास-ससुर, देवर व नंद के विरूद्ध दहेज प्रतिषेध अधि०सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक विवाहिता का शव उसके घर में फंदे पर लटकता हुआ पाया गया घटना को लेकर मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी को गर्भपात कराने का विरोध करने व दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया गया है पुलिस गंभीरता से मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जनपद हरदोई के थाना माधोगंज के गांव सहिजना निवासी प्रेमा पत्नी प्रेम ने बांगरमऊ पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उनकी पुत्री भोली का विवाह बीते 2021 में हिंदू रीति रिवाज के साथ बांगरमऊ के गांव चकपीर नगर निवासी रंजीत के साथ हुई थी विवाह के एक वर्ष बाद से ही बेटी के ससुराली जन दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे साथ ही मां ने कहा है कि उनकी बेटी 5 माह की गर्भवती थी जिससे गर्भपात कराने का दबाव बनाते थे जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते थे इसी दौरान बीते 30 मार्च को एक ग्रामीण से फोन पर उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि बेटी की मौत हो गई है। सोमवार को कोतवाली पहुंच मां ने पति रंजीत, ससुर उमेश, जेठ पुष्पेंद्र, जेठानी आरती, ननद सुनहरी आदि लोगो पर गर्भपात गिरवाने का दबाव बनाने व दहेज प्रताड़ना कर हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कोतवाल अवनीश सिंह ने कहा है शव पोस्टमार्टम भेजा गया है जांचकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

सम्पादकीय

## अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।

अप्रैल फूल

योगेश कुमार गोयल



## हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। 'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है। कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बहुविधा-प्रवीण यशस्वी कलाकार कोदूराम वर्मा



विशेष

डॉ. परदेशीराम वर्मा

कोदूराम वर्मा का जन्म 1924 में ग्राम भिंभौरी में हुआ। उनकी माता का नाम बिलसिया बाई तथा पिता का नाम बुधराम वर्मा था। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में करताल, तम्बूरा से भजन गायन शुरू किया। 1947 में देश आजाद हुआ। लगभग इसी वर्ष से उन्होंने लोक कला मंच पर नाचा में जोक्कड़ अर्थात हास्य कलाकार के रूप में प्रवेश किया। तब मालगुजारी प्रथा, जाति प्रथा, परतंत्रता के खिलाफ नाचा में कथा की बुनावट की जाती थी। पहले खड़े साज पर कलाकारों के साथ वे मशाल नाच में उतरे फिर मदराजी दाऊ रवेली वाले से प्रभावित होकर हारमोनियम तबले के साथ नाचा की ओर बढ़े।

*अंधाधुंध अंधियारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा*
*कोई जाने न जानन हारा अवधू, अंधाधुंध अंधियारा,*
*तथा भजन बिना, हीरा जनम गंवाया जी*

ये दो भजन उनके द्वारा गाये जाते जो काफी लोकप्रिय थे । गंवई के फूल के नाम से उन्होंने भिंभौरी में लोककला मंच खड़ा किया जिसे खूब ख्याति मिली। इस मंच को उन्होंने दाऊ रामचंद्र देशमुख से प्रभावित होकर चंदैनी गोंदा की शैली में खड़ा किय । वे व्यथित होते हैं यह देखकर कि अब छत्तीसगढ़ी लोक मंच जागृति, सामाजिक समता, उत्थान की प्रेरणा नहीं देता बल्कि व्यवसायिकता ने मंचों को उद्देश्यहीन बना दिया है । बल्कि अब छत्तीसगढ़ का उपहास भी मंचों के माध्यम से उड़ाया जाता है। उन्हें नये राज्य गठन से काफी उम्मीदें थीं जो अब अधूरी लगती हैं। उन्हें निराशा होती है कि सरकारों ने छत्तीसगढ़ को वह सम्मान नहीं दिया जिसकी उम्मीद हम सबको थी।

भजन गायन के कारण ही वे रामायण प्रवीण हीरालाल शास्त्री जी से जुड़े। हीरालाल शास्त्री के शिष्य थे बालकृष्ण शर्मा वे शब्दवेधी बाण चलाने में निपुण थे। उनका प्रदर्शन देखकर उन्होंने भी निश्चय किया कि इस विधा को मैं सीखूंगा। उन्होंने आग्रह किया। बालकृष्ण जी पहले तो तैयार नहीं हुए लेकिन जब उनके कहने पर कोदूराम जी ने संकल्प लिया कि सभी दुर्व्यसनों से मैं दूर रहूंगा और निष्ठापूर्वक समाज सेवा करूंगा तब उन्होंने सिखाने का वचन दिया। वे उनके साथ करीब 3 माह तक रहे।

लिम्बाराम देश के चर्चित आधुनिक धनुर्धर हैं। 2007 में वे रायपुर आए। उन्हें छत्तीसगढ़ के शब्दभेदी बाण संधानकर्ता श्री कोदूराम वर्मा ने अपनी कला से चकित कर दिया। लिम्बाराम ने कोदूराम जी का चरण स्पर्श कर लिया । अलग-अलग प्रान्तों और संस्कृतियों के बीच सेतु का प्रमाण है दोनों के नाम में जुड़ा हुआ राम। कोदूराम जी को बड़ी पीड़ा होती है कि ऐसे दानवीर की एक मूर्ति अभी तक दुर्ग में नहीं लगी । वे लगातार तीन वर्ष तक सगनी आश्रम में बच्चों को पढ़ा भी चुके हैं । बच्चों को पढ़ाई के साथ गायन एवं वादन की शिक्षा भी वर्मा जी ने दिया । वे लगभग विगत 75 वर्षों से लोकमंच पर सक्रिय हैं ।



भारत भवन में सुर वाद्य का प्रदर्शन किया था, मंच में 8 कलाकार एक साथ अपने-अपने वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत हुए। सर्वप्रथम बांस वादक ने वाद्य यंत्र प्रारंभ किया जिन्होंने पहले शंख की आवाज, शेर की दहाड़ने वाला आवाज निकालकर स्वर को धीरे-धीरे रखा । फिर मोहरी वादक ने अपना गौरा धुन, सुवा गीत आदि का समस्त वाद्य यंत्रों के साथ समवेत स्वर में गीत प्रस्तुत किया गया । विशुद्ध वाद्य यंत्रों का प्रयोग मात्र छत्तीसगढ़ में ही एक मात्र प्रयुक्त होता है।

आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल द्वारा रायपुर में आयोजित महाराष्ट्र मंडल में कबीर दास जी की भजन गायकी का कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया जिसमें भारत भर के समस्त भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया था । भजन में विशुद्ध ग्रामीण वाद्य यंत्रों जैसे करतार, तंबूरा एवं खंजेड़ी का ही मात्र प्रयोग किया गया। यह प्रस्तुति बहुत ही सराहा गया। कबीरदास भजन जिसके बोल हैं - "अंधाधुंध अधियारा रे अवधू कोई जानन जानन हारा रे अवधू" का सफल गायन मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार उक्त कार्यक्रम मध्यप्रदेश के आंचलिक बड़े-बड़े शहरों में प्रस्तुत किया गया। जबलपुर, सागर आदि शहरों में भी इसका विधिवत सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया गया। रेडियो स्टेशन में भजन गायकी का कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता रहा है।

छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी नाचा एक ऐसी नाट्य विधा है जिसमें समाज के प्रच्छन्न लोक भावना को प्रदर्शित किया जाता है। इसके माध्यम से समाज सुधार, शिक्षा, रूढ़ी, अंधविश्वास एवं राष्ट्रोपयोगी भावनाओं को प्रदर्शित कर राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाता है। इसकी प्राचीन परंपरा विभिन्न परिस्थितियों से गुजरता हुआ सिनेमा आदि नाट्य विधा से जुड़ता गया है । नाचा विधा में निम्न सोपान तय किया है मशाल नृत्य, गैस नृत्य, लाईट-नृत्य। नाचा का उत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत दाऊ मदराजी द्वारा किया गया। जिसके नाम से छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा नाचा विधा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरूस्कार भी दिया जाता है। जो मुझे 2007 में प्राप्त हुआ । खड़े नाच में मशाल नृत्य का एक मौलिक प्रदर्शन जोड़ा गया जिसमें नृत्य करते हुए मशाल को शरीर के विभिन्न अंगों में दबाकर बुझाना एवं निकाल कर जलाना आदि का सफल प्रदर्शन मेरे द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समस्त मानवीय मूल्यों को समाज में स्थापित करने हेतु गंवई के फूल नामक सांस्कृतिक संस्था की स्थापना की गई। गंवई के फूल के संस्थापक, संचालक, दिशा दर्शक एवं निर्देशक का संपूर्ण कार्य मुझे ही ग्रहण कर सफलता पूर्वक संचालन किया गया। इसमें 25 कलाकारों के कलाओं को माला के रूप में पिरोकर प्रस्तुत किया जाता रहा है । गंवई की फूल की पृष्ठभूमि दास्ता से प्रारंभ होती है । अंग्रेजों के गुलामी के कारण भारतीयों की जो स्थिति थी उसका मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया जाता है। स्वतंत्रता के उपरोंत गंवई के फूल का नायक भारतीय मूल्यों की रक्षा करते हुए गांव के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास की चरमसीमा को प्राप्त करने के लिए प्रयास करता है तथा गांव को सर्वसुविधा संपन्न अवरोधों को पार करता हुआ विकास की गंगा बहाने का संकल्प का उपसंहार के रूप में प्रस्तुत करता है । यह एक सोद्देश्य एवं आदर्श मानक की मानवीय भावनाओं की परिकल्पना है । जो कथाकार के रूप में मैंने निर्देशन कर समाज के सामने चुनौती को स्वीकार करते हुए जन-जन में विकासोन्मुखी भावना को भरने का अवसर सा प्रयास किया एवं समस्त जन-जन को आदर्श नागरिक देशभक्त बनाने का अप्रतिम प्रयास किया है ।

इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर नेहरू युवा केन्द्र इस्पात नगरी भिलाई ने इसके कार्यक्रम के लिये विशेष सहयोग एवं योजनाओं को क्रियान्वित किया । युवा केन्द्र के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रमों को कई दिनों तक सांस्कृतिक संध्या के रूप में प्रस्तुत कराया। तथा कार्यक्रमों को भारत भर के बड़े-बड़े उपयोगी क्षेत्रों में प्रदर्शन के लिए ले जाता रहा है । गंवई के फूल को भी इसमें सफलता प्राप्त हुई । तथा नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से बाड़मेर (राजस्थान) में दो बार एवं रायबरेली उत्तरप्रदेश में एक बार सफल मंचन किया है। दोनों स्थानों में इस संस्था को विशेष सफलता प्राप्त हुई। इसमें पूरी शक्ति सामर्थ्य, योग्यता, धैर्य, कलाप्रियता एवं राष्ट्रीय भावनाओं का प्रदर्शन होता है। इसके साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला मुख्यालयों एवं ग्रामीण अंचलों में भी प्रदर्शन किया गया।

रायपुर जिला - चरोदा, खैरखूंट, रोटरी क्लब की ओर से मेकाहारा, सभागार में सिलतरा, लिनवा, सिमगा। महासमुन्द जिला - खल्लारी, दुर्ग जिला - बेरला, अनदगांव, खर्रा, दुर्ग, सुरडुंग। भिलाई में कई बार जहां दो बार विशेष सम्मान।

प्रथम बार प्रशस्ति पत्र दूसरे बार मदराजी सम्मान, पैरी, सगनी, भाटागांव, बेरला के आसपास के गांव में कवर्धा जिला - कवर्धा, बेमेतरा, बी.टी.आई. कचहरी के सामने, बालसमुन्द । इसके कारण आज तक विगत 15 वर्षों से निरंतर इस सांस्कृतिक संस्था का जोरदार कार्यक्रम जन सेवा में लोगों के द्वारा प्रदर्शित कराया गया । यही "गंवई के फूल" की सफलता यात्रा है। अभी भी इसकी मांग होते रहती है । मप्र में भी इसका प्रदर्शन रतलाम में दो बार प्रस्तुत किया गया।

बी.टी.आई. रायपुर में आयोजित यूनीसेफ के कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षार्थियों को लोकगीतों एवं लोकनाट्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जिसका प्रदर्शन राज्य स्तरीय शिक्षा-प्रशिक्षण केन्द्र, टीकमगढ़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसी के साथ-साथ बीटीआई पेण्ड्रा में भी प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया।

***- यह लेख अगासदिया के 2007 में प्रकाशित अंक से लिया गया है।***

## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित

दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## गणगौर त्योहार



बीकानेर में सोमवार को गणगौर त्योहार के अवसर पर जूनागढ़ किले के पास पारंपरिक जुलूस के दौरान देवी गौरी की मूर्ति ले जाई गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। ***- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा***

ट्रेंड


### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

**-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### इतनी बैरिकेडिंग क्यों




भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो। **-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**



करंट अफेयर

## दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा वितरित


दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में रविवार को वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।



ऑफ बीट

## जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।



# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निकाली गई स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को किया रवाना। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूआत स्कूल चलो अभियान रैली से की गई। कलेक्ट्रेट परिसर से निकली गई रैली को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में निकल गई रैली जनपद के मुख्य मार्गो से होते हुए गाजे- बाजे के साथ पुलिस लाइन परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में पहुंची। रैली में बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे, मम्मी- पापा हमें पढ़ाओ स्कूल चलकर नाम लिखाओ, शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का सब करो जतन आदि प्रेरक नारों के माध्यम से जनमानस को 6 से 14 वय वर्ग के शत- प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने का संदेश दिया। इस दौरान जिला जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, शिवम जायसवाल, डीएफओ ए. के. सिंह,

डीसी प्रशिक्षण अनुराग शर्मा, डीसी सामुदायिक शिक्षा राकेश सिंह, डीसी एमडीएम राकेश मिश्रा, बीईओ अनुराग मिश्रा, जीतेंद्र बहादुर सिंह, राधेश्याम वर्मा, डॉली मिश्रा, रणजीत सिंह, तिलक राम यादव सहित विभिन्न शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। स्कूल चलो अभियान की रैली का समापन पुलिस लाइन परिसर स्थित ऑडिटोरियम में समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय व सदर विधायक प्रतिनिधि शुभम जायसवाल रहे।मंच संचालन संतोष सिंह द्वारा किए गया। आडीटोरियम में आयोजित समारोह में प्राथमिक विद्यालय सुवापारा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना तथा प्राथमिक विद्यालय कमोलिया खास के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं स्कूल चलो अभियान पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बरेली में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलो अभियान शुभारंभ कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को अतिथियों द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र की पुस्तकें भी दी गई। इस दौरान बच्चों को लंच पैकेट, फल एवं बिस्किट वितरित किया गया।

अपने उद्बोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में स्कूल चलो अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा।पहले चरण में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक तथा दूसरे चरण में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से जनमानस को शत- प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा विद्यालय न आने वाले बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में उनका नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवीन शैक्षिक सत्र में कक्षा एक में ऐसे बच्चों का नामांकन किया जाएगा जिनकी आयु 31 जुलाई 2025 तक 6 वर्ष पूर्ण हो रही हो। इस दौरान शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी आनंद मोहन मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्र, विजय उपाध्याय, आनंद पाठक, संतोष सिंह, शिक्षक बृजेश सलिल, चंद्रशेखर नागवंशी, अतुल, अमित मिश्र, प्रेम कुमार अवस्थी, मिथिलेश मिश्र, सुनील कुमार, जीतेन्द्र, आँचल श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

# पढ़ाई कर समाज को बेहतर बना सकते हैं विद्यार्थी: उप कमांडेंट रमेश चंद्र

### जेएस एकेडमी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत गंगापुर में स्थित जेएस एकेडमी विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र और छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, छात्रों ने प्रदर्शनी बनाई ।विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गंगापुर में स्थित जेएस एकेडमी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार रात को हुआ। मुख्य अतिथि एसएसबी 59 वीं बटालियन के उप कमांडेंट रमेश चंद्र और विशिष्ट अतिथि सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू रहे। अतिथियों ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उप कमांडेंट ने कहा कि शिक्षा से ही समाज को सुधारने के साथ आगे बढ़ने में सहयोग मिलेगा। ऐसे में पढ़ लिखकर सभी छात्र आगे बढ़ें और पढ़ कर अपना और परिवार का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि पिछड़े जिले में शिक्षा की कमी के चलते बहुत समस्याएं हैं। लेकिन शिक्षा हासिल कर सबकुछ दूर किया जा सकता है। इसके बाद विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । नाटक, देवी गीत, लोक गीत पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। दहेज, शिक्षा, आधुनिक भारत के परिवेश में भारतीय संस्कृति, नवरात्र पर आधारित कार्यक्रम पेश कर माहौल भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने आए हुए लोगों के प्रति आभार जताया । इस दौरान प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं, मझाव प्रधान नरेन्द्र सिंह, अजय सिंह , मुकेश मौर्य, राहुल, प्रमोद कुमार, विकास उर्फ विक्की मौर्य, मुन्ना, सचिन, सतेंद्र मौर्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में रही स्कूल चलो अभियान की धूम

### रैली निकालकर नामांकन के लिए अभिभावकों को किया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन विकास क्षेत्र नवाबगंज के खैरहनिहा, गणेशपुर, दुगार्पुर, सबुना, जमुनहा नौबस्ता आदि परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान रैली की धूम रही। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली के दौरान बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे, मम्मी- पापा हमें पढ़ाओ स्कूल चलकर नाम लिखाओ, शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का सब करो जतन, अंधकार धरा का मिटाने को ज्ञान का दीप जलाने को आओ चलें स्कूल- आओ चले स्कूल, आदि प्रेरक नारों के माध्यम से जनमानस को 6 से 14 वय वर्ग के शत- प्रतिशत बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में स्कूल चलो अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। पहले चरण में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक तथा दूसरे चरण में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से जनमानस को शत- प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा विद्यालय न आने वाले बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में उनका नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवीन शैक्षिक सत्र में कक्षा एक में ऐसे बच्चों का नामांकन किया जाएगा जिनकी आयु 31 जुलाई 2025 तक 6 वर्ष पूर्ण हो रही हो।

# मधनगरा मंदिर पर हुआ हवन-पूजन, भक्तो ने किया प्रसाद ग्रहण

### मंदिर का किया गया जीणोध्वार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बौंडी थाना क्षेत्र के रामगढ़ी के पाठक पट्टी में प्राचीन वनशक्ति देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरान्त आयोजित नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति पूजन, पाठ, जाप के पश्चात मुख्य यजमान सपरिवार पं देवेन्द्र पाठक व कंचन पाठक के साथ सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने सामूहिक यज्ञ अनुष्ठान में आहुतियाँ डालकर आरती व फलाहार प्रसाद भंडारे में प्रतिभाग किया। इस दौरान शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ अनुराग पाठक, अधिवक्ता सुशील त्रिपाठी, सुखराम मिश्र, पंडित नीलम जी महराज, प्रधान प्रतिनिधि खजुहा दिलीप त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक उदय शंकर त्रिपाठी व भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिबहादुर सिंह समेत सैकड़ों अतिथि यजमान उपस्थित रहे। पूजन अर्चन कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथि यजमानों में पं पुण्डरीक पाण्डेय व पं नीलम महराज जी समेत सभी को वरिष्ठ पूजन यज्ञाचार्य सम्मानित कुलपुरोहित पं द्वारिकानाथ पाण्डेय जी का सानिध्य व तिलक चन्दन युक्त आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यज्ञाचार्य के रूप में पं पुरुषोत्तम पाण्डेय समेत कई अन्य आचार्य उपस्थित रहे। वैदिक विद्वानों, धमार्चार्यों व सन्तसमाज संग देवी मंत्रों के उच्चारण के साथ विशाल अनुष्ठान यज्ञ के हवन कुण्ड में 11000 से अधिक सामूहिक आहुतियाँ डाली गईं। श्री विघ्नहर्ता, भगवान नागेश्वर, वनशक्ति देवी व श्रीमारुति नंदन की सामूहिक आरती व सभी अतिथियों के सामूहिक फलाहार की व्यवस्था सराहनीय, उल्लेखनीय व शानदार रही। इस मौके जिला पंचायत सदस्य भरत लाल पाण्डेय, सिप्पी पाण्डेय, कृष्ण कुमार तिवारी, राजेश मिश्रा, कुलदीप पाठक बाबी, राम सहारे पाठक, अरूण कुमार पाठक, कुम कुमारी त्रिपाठी, राम कुमारी शर्मा, सरिता, मिश्रा, अंशिका पाठक, सुरेंद्र कुमार तिवारी, प्रभुदयाल मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# न्यू मीडिया हाउस कार्यालय में सम्मानित हुए उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह



### डायरी पेन व कैलेंडर देकर कार्यालय प्रभारी ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। थाना रूपईडीहा के कस्बा बाबागंज स्थित न्यू मीडिया हाउस कार्यालय पहुंचे चौकी इंचार्ज शिवपुर मोहरनिया उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को न्यू मीडिया हाउस द्वारा डायरी पेन व कैलेंडर देखकर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने थाना रुपईडीहा उप निरीक्षक व चौकी इंचार्ज शिवपुर मोहरनिया अशोक कुमार सिंह को न्यू मीडिया हाउस की डायरी पेन व कैलेंडर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह से कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है। वही कार्यालय प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने कहा कि न्यू मीडिया हाउस जहां पत्रकारों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित करने का कार्य करती आ रही है। इस मौके पर भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ जिला उपाध्यक्ष बहराइच दुर्गेश वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि शिवपुर मोहरनिया पिंटू गुप्ता सहित रामबरन वर्मा, रामसूरत यादव, अरुण सिंह, कैमरामैन व पत्रकार शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# अपराध निरोधक समिति द्वारा प्रकाशित सेवा पथ पत्रिका देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन यशस्वी लोकप्रिय कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन पर अंग वस्त्र एवं संस्था द्वारा प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक पुस्तिका सेवा पथ को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति रुपईडीहा की टीम द्वारा आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह को भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह कुशल नेतृत्व में रुपईडीहा पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था करके सभी त्योहार शांतिपूर्ण किए जाने पर टीम द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव शेर सिंह कशौधन ने बताया कि उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति द्वारा प्रकाशित पत्रिका सेवा पथ को रुपईडीहा की टीम द्वारा रुपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह को अंग वस्त्र देकर बैच लगाकर सेवा पथ पत्रिका देते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रूपईडीहा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी



इंजीनियर राजेंद्र सिंह उर्फ राजू भईया, संस्था के जिला सचिव शेर सिंह कशौधन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, राजीव अग्रवाल, केसरी प्रसाद सोनी, रमेश मिश्रा, महबूब अहमद, रमेश सिंह संजय गुप्ता, महिला मंडल उपाध्यक्ष आरती वर्मा, संतोष मिश्रा, अशोक पाठक आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# रुपईडीहा क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ईद उल फित्र का त्यौहार

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से ईद उल फित्र का त्यौहार मनाया गया। इस्लाम धर्म के मानने वालों का सबसे बड़ा त्यौहार ईद उल फित्र रूपईडीहा क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत रुपईडीहा में सुबह से ही बहुत ही चहल-पहल देखने को मिली। रूपईडीहा के ईदगाह पर सुबह से ही दुकानें सज गई थी और सुबह 10 बजे ईद की नमाज ईदगाह पर अदा की गई। रूपईडीहा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज कशीद ने बताया कि जैसा की पहले ही लोगों को बता दिया गया था की ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 10 बजे अदा की जाएगी उसी अनुसार ठीक 10 बजे रूपईडीहा ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की गई ।नमाज लिए हुए लोगों ने एक दूसरे के गले लगा कर ईद की बधाइयां दी और मुबारकबाद पेश किया। उसके बाद लोग कब्रिस्तान की तरफ अपने परिवार के लोग जो दुनिया से जा चुके हैं उनके मगफिरत की दुआ के लिए पहुंचे। ज्ञात हो कि रूपईडीहा के अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। जिसमें रुपईडीहा गांव की मस्जिद में सुबह 6:30 बजे और छोटी मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद की नमाज पढ़ाई गई। रुपईडीहा के कई गणमान्य व्यक्ति भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई देते हुए गले मिलकर ईद की मुबाराबाद पेश किया। रूपईडीहा के पत्रकारों के द्वारा ईदगाह पर एक कैंप लगाकर सिवाइया और पानी लोगों को वितरित किया गया। इसी तरह नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डाक्टर उमाशंकर वैश्य सहित कई और लोगों द्वारा पंडाल लगाकर नमाजियों को शरबत पानी और सेवइयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों में इंजीनियर राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू भैया, पत्रकार शेर सिंह कशौधन, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित त्रिपाठी, नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर अश्विनी कुमार वैश्य, रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, समाजसेवी जयकेश जायसवाल, लेखपाल करुणेश त्रिपाठी सहित दर्जनों समाज के लोगो ने ईदगाह पहुंचकर भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए नमाजियों को ईद की बधाई एवं मुबारकबाद पेश की ।थाना प्रभारी दद्दन सिंह मय अपने दल बल के साथ पूरे थाना क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सुरक्षा का एहसास कराते हुए मुस्तैदी से लगे रहे और रूपईडीहा ईदगाह पहुंचकर लोगो से गले मिलकर ईद की मुबाराबाद पेश किया। गौरव तलब है कि सपा नगर अध्यक्ष शब्बीर खान व नगर पंचायत अध्यक्ष की तरफ से ईद मुबारक के मौके पर पानी व खजूर का बड़े पैमाने पर इंतजाम भी किया गया।

# किसानो का 16 बीघा गेहूं की फसल जल कर हुई खाक



### कैसरगंज के बरखुरद्वारापुर कर्बला के पास में गेहूं के खेत में लगी भीषण आग

### आग लगने का कारण बताया जा रहा नगर पंचायत के कूड़े का ढेर

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ग्रामीणों ने बताया पिछ्ले 10 दिनों से नगर पंचायत चेयरमैन और नगर पंचायत के क्रमचारी से शिकायत दस दिनों से की जा रही थीं और बताया जाता था कि कूड़े का ढेर सुलग रहा है जिससे आस पास लगी गेंहू की फैसल जल सकती हैं। किसी ने नही सुना और मंगलवार को किसान सफीकुन, जहीद, रमजाना, फरीद, खतूना सगीर, फदीर सहित आठ किसान का 16 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। आग लगने के बाद ग्रामीणों ग्राम प्रदान की सूचना पर फायर बिग्रेड के लोग पहुंचे और तहसील के अधिकारी तहसीलदार थाना प्रभारी व हल्का लेखपाल भी पहुंचे और नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

तहसीलदार ने बताया की नुकसान का आकलन कर उन किसानों की सरकार द्वारा मदद की जाएगी और आग लगने का जांच कराएंगे।

# बहराइच सांसद के प्रयास से बहराइच नागरिकों को मिली सौगात

### लखनऊ-बहराइच रिंग रोड का होगा निर्माण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गौड़ की पहल पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ- बहराइच मार्ग से बहराइच- गोंडा मार्ग तक बाईपास/ रिंग रोड तथा सरयू नदी पर दो लेन सेतु एवं दो लेन उपरिगामी सेतु निर्माण कार्य की स्वीकृति उतर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई है ।मिली जानकारी के मुताबिक बहराइच ( टिकोरा मोड़ ) से गोण्डा- बलरामपुर रोड कों जोड़ने वाला लगभग 12 किलोमीटर लम्बा बाईपास निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति मिल गई है ।सांसद डॉ आनंद गौड़ की इस पहल से क्षेत्रीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है ।गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर एवं सिद्धार्थ नगर से आने- जाने वाले वाहन अभी तक बहराइच शहर ने गुजरते थे ।जिससे आये दिन दुर्घटनाएं व जमा की स्थिति शहर में बनी रहती थी। अभय प्रताप श्रीवास्तव अनुसचिव उत्तर प्रदेश शासन ने निर्माण कार्य स्वीकृति संबंधी पत्र प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को भेजा है। इस कार्य हेतु 2 अरब 24 करोड़ 84 लाख 59 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए लागत के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में 40 करोड़ रुपए व्यय किये जाने की स्वीकृति राज्यपाल द्वारा प्रदान की गई है।

# मिहींपुरवा क्षेत्र में शांति पूर्वक मना ईद का त्योहार

### सीओ हर्षिता तिवारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में रही भ्रमणशील

### एक दूसरे को गले लगा कर दी ईद की मुबारकबाद

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। एक महीने तक रोजा रहकर इबादत करने के बाद फल स्वरुप मिलने वाला त्योहार ईद का दिन आ ही गया और चांद दिखते ही लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हुए खुश हुए और सोमवार को आपसी भाईचारे के साथ सेवइयां पीकर लोगों ने ईद मनाई। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत थाना सुजौली मुर्तिहा व मोतीपुर क्षेत्र में शांति पूर्वक ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने जहां ईदगाह में नमाज पढ़कर देश की सलामती और शांति के लिए दुआ मांगी वही अपने रिश्तेदारों मित्रों को घर बुलाकर सेवइयां खिलाकर गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ।ईद का पर्व प्रेम मोहब्बत और आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता है इस दिन बच्चों में खास उत्साह देखने को मिलता है ।कुर्ता पजामा व टोपी पहनकर बच्चे आकर्षित ढंग से ईदगाह पहुंचते हैं और पर्व की खुशियां दोगुना करते हैं। ईद के पर्व पर घर में सेवाइयों के साथ ही जर्दा व मीठे पकवानों का इंतजाम होता है। आए हुए अतिथियों का स्वागत कर ईद की बधाई गले मिलकर दी जाती है। आपसी मनमुटावों को खत्म कर गले मिलकर ईद का पर्व मनाया जाता है। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ईदगाहों पर सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक ईदगाह स्थल पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। थाना मोतीपुर प्रभारी निरीक्षक राकेश पाण्डेय ने संवेदनशील गांवों में पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था जांच कर पुलिस कर्मियों को तैनात किया। वहीं मिहींपुरवा सर्किल में सीओ हर्षिता तिवारी ने खुद सुरक्षा व्यवस्था संभाली और पुलिस बल के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रही इस दौरान शांति पूर्वक ईद की नमाज पढ़ी गई और शांति पूर्वक ईद का पर्व संपन्न हुआ। वही हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों के घर पहुंच कर सेवाइयों का आनंद लेते हुए ईद की बधाई शुभकामनाएं मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे की मिशाल पेश की।

# क्षेत्र में ईद-उल-फितर शांति और अकीदत से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। ईद-उल-फितर सोमवार कों बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। स्थानीय ईदगाह और मस्जिदों में अकीदतमंदो ने नमाज अदा की। इस दौरान देश और समाज की तरक्की और अमन- चैन की दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ।सभी स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही ।इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गो में उत्साह देंखते ही बन रहा था। बाबागंज, बाबाकुट्टी, करीमगांव, जमोग, चरदा आदि ईदगाह में इमाम ने रोजे व ईद उल फितर की फजिलत पर प्रकाश डाला। ग्राम प्रधान रहीमनगर अतुल सिंह एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ हरिश्चन्द्र उर्फ बंटू भैया ने गांव एवं कस्बा में जाकर लोगों कों ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद और रंगों का पर्ब होली ऐसे त्यौहार है जो आपसी भाई-चारा कों बढ़ाते है। पूर्व प्रधान हरीश वर्मा, प्रसिद्ध टेंट व्यापारी हाजी अंसार अहमद, ग्राम प्रधान इरशाद अली, प्रधान प्रतिनिधि मो सहाबु, समाजसेवी फतेह आलम खान आदि ने नमाजियो कों बधाईयां दी। बाबाकुट्टी स्थिति मस्जिद पर नमाज के बाद अपराध निरीक्षक रंजीत यादव, चौकी इंचार्ज बाबागंज अनिल यादव, उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, आरक्षी पंकज पटेल, अभिषेक सिंह, कामता प्रसाद आदि ने गले मिलकर एक दूसरे कों ईद की बधाई दी।

## नवीन सत्र प्रारम्भ होने पर बच्चों का रोली टीका लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मंगलवार को शासन के दिशा निदेर्शों के क्रम में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली ,मौदहा में नवीन सत्र प्रारम्भ होने पर बच्चों का रोली टीका लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई एसएमसी अध्यक्ष राजाभइया प्रजापति के घर , ग्राम प्रधान देवीचरण कुशवाहा के घर से होती हुई विद्यालय आकर रैली समाप्त हुई। रैली में सभी ग्रामवासियों ने सहयोग किया ।विभागीय निदेर्शानुसार मिडडे मील में दाल चावल के साथ बच्चों के लिए हलुआ भी बनाया गया जिसे बच्चों ने बडे चाव से खाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता, गीता देवी, राजकुमार गुप्ता, सलमा खातून, रसोइया माता एवं पूर्व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ आज दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के ब्लाक संसाधन केन्द्र, कुछेछा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रामकेश निषाद, प्रभारी मंत्री स्वतन्त्र प्रभार (जल शक्ति) उ०प्र०, मा० डा० मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राज्यमंत्री बाबूराग निषाद के प्रतिनिधि अशोक तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम मीना, जिलाधिकारी, हमीरपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चन्द्रशेखर शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी एवं अलोक सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय, कुछेछा की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागतगीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विधायक सदर एवं जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए बैज अलंकरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आये हुए सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं फूलमालाएं पहनाकर किया गया। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुती की गयी। सभी अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री योगी जी के लाइव प्रसारण को देखा और सुना गया। इस दौरान माननीयों एवं अधिकारियों द्वारा कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गयी। साथ ही कक्षा 1 के 10 नवप्रवेशी बच्चों को फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर बैग और लंच बॉक्स देकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। अधिकारियों द्वारा उ०प्रा०वि० टिकरौली के शिक्षक अरुण भदौरिया द्वारा लिखित गणितीय खेल व गतिविधियां पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके बाद प्रा० वि० कुछेछा में नवनिर्मित विद्यालय भवन का मंत्री द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2047 में हमे विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें साक्षरता दर को बढ़ाना होगा जिसके लिए हम सबको प्रयास कर साक्षरता स्तर को 100 प्रतिशत तक ले जाना होगा। सदर विधायक डा० मनोज प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वह वट वृक्ष है जिसकी छाया में हम पुष्पित एवं पल्लवित होते हैं। जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा नैतिक गुणों के साथ समावेशित करते हुए सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उसके लिए हमें सत्त प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में नगर खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम, खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर प्रभाकर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सरीला आशीष चौहान, जिला व्यायाम शिक्षक रावेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक (सामु०) हेमन्त मिश्रा, जिला समन्वयक (प्र०) आलोक त्रिपाठी, जिला समन्वयक (बा०) अमन्त सिंह, अखिलेश शुक्ला, अरुण भदौरिया, अभिषेक त्रिपाठी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। रैली के बाद सभी बच्चों को स्वाल्पाहार और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा० ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं श्मजीता अहिरवार ने किया।

## पति की हत्या के मामले में पुलिस ने न्यायालय में पेश कर आरोपी महिला को भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मुस्करा( हमीरपुर ) ।बीते दिवस थाना व कस्वा मुस्करा में पत्नी द्वारा शराबी पति को धारदार हथियार से मौत के घाट उतारने के मामले में जांच पड़ताल उपरांत फिलहाल संबंधित पुलिस ने पत्नी द्वारा पति की हत्या करना स्वीकार करने पर उसे दर्ज मुकदमे में आरोपी बना न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहाँ से उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

ज्ञातब्य रहे कि विगत दिवस नवरात्रि के द्वितीय दिवस व मुस्लिम धर्म के पवित्र पर्व ईद के दिन अपराह्न पुलिस को पड़ोसी जनपद महोबा के खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम कुडार निवासी हाल निवास जनपद के कस्वा व थाना मुस्करा के मोहल्ला मोतीनगर बैजनाथ स्कूल के पीछे रहने वाले अरविन्द्र रैकवार पुत्र मुरलीधर 45 वर्ष की हत्या होने व उसकी पत्नी अनिता 40 वर्ष के घायल होने की सूचना उनके 19 वर्षीय बड़े पुत्र राजेश द्वारा प्राप्त हुई थी ।हत्या सूचना मिलते ही जनपद व कस्वे में हड़कंप मच गया था ।प्राप्त सूचना पर जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा,क्षेत्रधिकारी राठ ,फील्ड यूनिट,डांग स्क्वायड ,संबंधित पुलिस टीम ने मौके वारदाद पर पहुँच साक्ष्य एकत्रित किये थे तथा आसपास पूछताछ भी की थी ।जांच पड़ताल दौरान पुलिस को प्रथम द्रष्टया पत्नी द्वारा हत्या करना प्रतीक हुआ ।मंगलवार के रोज जनपदीय पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पूछताछ दौरान मृतक अरविन्द्र रैकवार की पत्नी अनीता ने बताया कि पति की उसके द्वारा हत्या किया जाना स्वीकार किया गया ।जिस पर पुलिस ने आरोपित महिला अनीता को दर्ज मुकदमे में आरोपी बना न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में होली मिलन समारोह एवं राई नृत्य का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। मन्नू बाबा सेवा समिति सुभासगंज के तत्वाधान में सुभाष गंज में होली मिलन समारोह में राई नृत्य और फूलों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विधिवत पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, कार्यक्रम में सर्वप्रथम बुंदेली कलाकारों दीपा एवं सहयोगियों द्वारा बुंदेलखंडी राई नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा करतल ध्वनि के साथ कलाकारों का अभिवादन किया गया। कलाकारों द्वारा अतिथिगण एवं आगंतुकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया गया, साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज साहू एवं मनोज रेजा उपस्थित रहे कार्यक्रम में मजदूर भाईयों का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा होली रंगों से भरा त्यौहार है जो हमारे जीवन में खुशहाली लेकर आता है। साथ ही यह असत्य व अधर्म पर भक्ति व सत्य की जीत का प्रतीक पर्व है। हमारे त्योहारों से संबंधित कथाओं में जीवन जीने की शैली का संदेश दिया गया है हमें उनका अपने जीवन में समावेश करना चाहिये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से आयोजक समिति से हरेंद्र सक्सेना, मनमोहन साहू, हिमांशु पाठक, करन विश्वकर्मा, विकास पाल, टिल्लू श्रीवास, मुन्ना, प्रदीप कुमार साहू, अर्जुन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, राजू सेन, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सत्र के प्रथम दिवस रोली चंदन से आच्छादित हुए छात्र-छात्राएं

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। नए सत्र के प्रारंभ होते ही सभी विद्यालयों में चहल कदमी प्रारंभ हो गई वहीं जनपद के मलवा विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में स्कूल चलो अभियान को लेकर नव प्रवेशी बच्चों का भव्य स्वागत प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला द्वारा किया गया विद्यालय के प्रथम दिवस पहुंचे छात्र-छात्राओं को रोली चंदन से टीका करते हुए प्रधानाध्यापिका तथा एसएमसी अध्यक्ष मिथिलेश कुमारी आदि ने बच्चों को उपहार प्रदान किया इस मौके पर विद्यालय के अन्य सभी शिक्षक का मौजूद रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बरेली जनपद से स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के शुभारंभ एवं संबोधन का लाइव प्रसारण सुनने के लिए अमौली बीआरसी के सभागार में बीईओ श्रवण कुमार पाल के तत्वाधान में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुक करते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत 1500 विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है गत वर्ष के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 91 लाख बच्चों के अभिभावकों को डीबीटी खाते के माध्यम से प्रत्येक को 1200 की प्रोत्साहन धनराशि दी गई कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर बीईओ श्रवण कुमार पाल खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे ने प्रतीकात्मक रूप से कस्बे के कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को पाठ्यपुस्तकें वितरित किया तथा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य क्षेत्र के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया बीईओ ने बताया कि नए सत्र के प्रथम दिन पर सभी विद्यालयों में बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण कराया जा रहा है इस मौके पर ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर शिक्षिका प्रतिमा उमराव शुभा देवी प्रधानाचार्य शैलेंद्र सचान सौरभ उमराव सुरेंद्र वर्मा सुशील कुमार समेत शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों समेत विभागीय कर्मियों ने महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए स्वच्छता की शपथ ली

## गौशाला में अन्ना मवेशियों की हो रही मौत, जिम्मेदार मौन

**धनौरी गौशाला में दो गौवंशो की मौत होने पर गोहांड बीडीओ ने सचिव से मांगा स्पष्टीकरण, जांच जारी**

अमन लेखनी समाचार

गोहांड (हमीरपुर)। प्रदेश सरकार गौशालाओं में अन्ना मवेशियों की देखरेख के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती हैं। लेकिन जनपद की गौशालाओं में अन्ना मवेशियों की हालत सुधरती नजर नहीं आ रही है। गोहांड ब्लॉक क्षेत्र के धनौरी गांव की गौशाला में सोमवार की रात दो गौवंशों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि इससे पहले भी प्रधान और सचिव की लापरवाही से कई गौवंशों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी ब्लॉक के अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की। कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं। आरोप है कि सोमवार की रात गौशाला में दो गौवंश घायल अवस्था में अपनी सांसे गिन रहे थे। लेकिन प्रधान की लापरवाही से गौवंशों का इलाज नहीं कराया गया। जिससे तड़प तड़प कर दो अन्ना मवेशियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गौशाला में अन्ना मवेशियों की मौत हो जाने से प्रधान द्वारा गौशाला के बाहर खुले आसमान के नीचे फेंक दिया जाता हैं। जिसको कुत्ते नोच नोचकर खाते हैं। और चारों तरफ गंदी बदबू का वातावरण बना रहता है। लेकिन शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही की बात कहकर बाद में लीपापोती कर देते हैं। मामले में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला से बात हुई तो उन्होंने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। वहीं गोहांड बीडीओ का कहना है कि लापरवाही बरतने पर प्रधान और सचिव पर कार्यवाही करते हुए सचिव का वेतन रोकने की बात कही है। लेकिन जब दोबारा मंगलवार को गोहांड बीडीओ से बात हुई तो उनका कहना है कि सचिव विनोद कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। जांच की जा रही हैं और कार्यवाही की जाएगी।

## कंपोजिट विद्यालय दुरखुरु में नवीन प्रवेश बच्चों का मिठाई खिलाकर किया स्वागत



अमन लेखनी समाचार

गरौठा ।कंपोजिट विद्यालय दुरखुरु में नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय स्टाफ द्वारा फल,मिष्ठान खिलाकर एवं शैक्षिक सामग्री देकर स्वागत किया गया ।वही कक्षा 3 में कक्षोंन्नति से प्रवेश लेने वाले बच्चों को सहायक अध्यापक राजकुमार ने मिष्ठान खिलाकर एवं शैक्षिक सामग्री देकर स्वागत किया ।लगभग दो वर्ष पूर्व सोनभद्र से झांसी जिला में अंतर्जनपदीय ट्रांसफर में आए सहायक अध्यापक राजकुमार की तैनाती जबसे इस विद्यालय में हुई है तब से वह नई नई शिक्षण तकनीकों के साथ बच्चो में शिक्षा की अलख जगाने में प्रयासरत है।

# संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। एक अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल 2025 तक जनपद सहित सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान के दृष्टिगत आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी जागरूकता रैली को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संचारी रोग नियंत्रण संबंधी जागरूकता रैली डॉ अम्बेडकर पार्क से प्रारंभ होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय,पेट्रोल पंप से किंग रोड ,,सुभाष बाजार, जिला अस्पताल होते हुए सीएमओ कार्यालय में संपन्न हुई। जहां पर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी शपथ दिलाई गयी।

इस दौरान अपने गांव ,ब्लॉक ,जनपद और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्धता की एवं व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान रखने ,अपने घर के आस-पास सफाई रखने, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समुदाय को साफ सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने, संचारी रोगों से लड़ाई में हर सभव प्रयास कर अपने परिवार और समुदाय को संचारी रोगों से दूर रखने की शपथ दिलाई गयी। लोगों को अपने गांव अथवा अपने आसपास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करने की भी शपथ दिलाई गयी।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग प्राप्त किया जाए तथा संचारी रोग से कोई भी प्रभावित ना होने पाए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किए जाएं तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से इस अभियान को सफल बनाया जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,डिप्टी सीएमओ, एसीएमओ, आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं ,शिक्षक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**अधिवक्ता सूर्यकांत त्रिपाठी के दिवंगत होने एवम अधिवक्ता रवि प्रकाश त्रिपाठी की माता जी के दिवंगत होने पर आहूत की शोक सभा**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन सोनभद्र की एक आकस्मिक बैठक बार के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश देव पाण्डेय की अध्यक्षता में सेल टैक्स ऑफिस के बार सभागार में दिन के 1बजे से आहूत की गई जिसमें जनपद एवम सत्र न्यायालय के अधिवक्ता सूर्य कांत त्रिपाठी के दिवंगत होने एवम अधिवक्ता रवि प्रकाश त्रिपाठी की पूज्यनीय माता जी के आकस्मिक निधन पर बार के सदस्यों द्वारा गहरा दुःख एवम शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्माओ की शान्ति हेतु परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। साथ हीं सर्व सम्मति से दिनांक 1-04-2025 दिन मंगलवार को कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक का संचालन बार के सहसचिव अधिवक्ता प्रदीप धर द्विवेदी ने किया। बैठक में बार के सदस्य अधिवक्ता राकेश शरण मिश्रा, अधिवक्ता उमापति पांडेय, अधिवक्ता जनार्दन पांडेय, अधिवक्ता सुरेन्द्र केशरी, अधिवक्ता विजय जायसवाल, अधिवक्ता रमेश केशरी सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों पर सुनी जा रही जन शिकायतें।**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 01 किलो 630 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 31.03.2025 को समय लगभग 16.40 बजे थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मऊकलाँ तिराहा से 01 कि0मी0 आगे धंधरौल डैम जाने वाले मार्ग से 01 नफर अभियुक्त मुन्ना शाह पुत्र मजीद निवासी सिल्थरी चौकी चुर्क थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष के पास से 01 किलो 630 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0-25/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, महिला समेत तीन लोग घायल

**सोनभद्र में जमीन के विवाद में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के डूमरहर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मंगलवार सुबह जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी तक चल गई। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हमले में 3 लोग घायल डूमरहर निवासी मुहम्मद गफ्फार, सहानवाज और सद्दीक शेख के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह इसी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। तभी सहनवाज, सद्दीक शेख, उस्मान और अन्य लोगों ने लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया। हमले में मुहम्मद गफ्फार (28) पुत्र हनीफ खान, सदिक्कुनिशा (45) पत्नी हनीफ खान और रफीक खान (60) पुत्र खुदा बक्स गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने डायल 112 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से मुहम्मद गफ्फार और सदिक्कुनिशा की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मामले को लेकर बभनी थाना प्रभारी सदानंद राय ने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी पेंशन से कम कुछ भी मंजूर नहीं,अटेवा ने मनाया काला दिवस

## मार्च निकाला, कलेक्ट्रेट में डीएम को दिया ज्ञापन

● सभी शिक्षक और कर्मचारी संगठन शामिल हुए



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन के क्रम में अटेवा पेंशन बचाओ ने मंगलवार को पूरे देश में काला दिवस मनाया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। डी एम के प्रतिनिधि के रूप में एस डी एम प्रीति तिवारी ने अटेवा का ज्ञापन लिया।

मंगलवार को जिले के शिक्षक और कर्मचारी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास जमा हुए। यहां से अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव और महामंत्री अजय कुमार मौर्य की अगुवाई में नारे लगाते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ,पी ए पी एस, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ,एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी पैदल मार्च में शामिल हुए ज्ञापन में कहा गया है कि देश के लगभग एक करोड़ शिक्षक और कर्मचारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण की समाप्ति की मांग कर रहे हैं ।देश का शिक्षक और कर्मचारी एन पी एस का दंश झेल रहा है ।हाल ही में सरकार द्वारा यूनाइटेड पेंशन स्कीम -यू पी एस देने का निर्णय लिया गया है, इसके अन्तर्गत जो प्रावधान सामने आए हैं, उससे प्रतीत होता है कि यह एन पी एस से भी घातक स्क्रीम है ।देश का अर्धसैनिक बल, शिक्षक, अधिकारी , कर्मचारी सब स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं ।एन पी एस/यू पी एस जैसी घातक व्यवस्था को समाप्त कर सरकार पुरानी पेंशन बहाल करे और निजीकरण समाप्त करे।

अटेवा के जिला मंत्री सैयद अली वाकर, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, महामंत्री रमाकांत मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री श्री राम सोनी, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राम अंजोर प्रजापति,पी ए पी एस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप मिश्र,एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री आर एस चक्रवर्ती, अम्बेडकर कल्याण समिति के जिला उपाध्यक्ष शीतला प्रसाद दाढ़ी, रमाशंकर यादव, सालेहा खातिर जमा,आर डी सहगल,मो असगर, प्रवीण कुमार सिंह, कपिलेश यादव, अवनीश वर्मा,मो रऊफ, रंजीत यादव, सचिन, आकाश, बृजेन्द्र,हरिभान सिंह , अर्पित मिश्र, महेंद्र प्रताप सिंह,राम जश वर्मा, हरिचरण गौतम आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है

संघर्ष का सफर चाहे जितना लम्बा हो,हम इसे लेकर ही रहेंगे ।ओ पी एस से कम कुछ भी मंजूर नहीं

मंजीत यादव जिला अध्यक्ष, अटेवा

देश के राजनेता सदन में बैठकर जब चाहते हैं अपने वेतन भत्ते बढ़ा लेते हैं ।देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के हितों की उन्हें बिल्कुल चिंता नहीं है ।एक अप्रैल को काला दिवस गूंगी,बहरी और अंधी सरकार को जगाने के लिए है ।जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती,अटेवा के नेतृत्व में संघर्ष जारी रहेगा।एक मई को मजदूर दिवस पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# अमेठी में ई-रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

## स्टैंड शुल्क बढ़ने पर चक्का जाम, 20 से बढ़ाकर 30 रुपए किया गया दैनिक शुल्क

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में मंगलवार सुबह ई-रिक्शा चालकों ने स्टैंड शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में गायत्री मंदिर के बाहर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। नगर पंचायत द्वारा ई-रिक्शा का टेंडर ठेकेदारों को दिया गया है ।ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि पहले उनसे प्रतिदिन 20 रुपये की वसूली की जाती थी। ऑटो चालक 30 रुपये प्रतिदिन देते थे। मंगलवार को ठेकेदार ने अचानक शुल्क में 10 रुपये की बढ़ोतरी कर दी। इस पर सभी चालकों ने विरोध शुरू कर दिया ।शिवराम, शंकर, मनोज, विजय शंकर, अखिलेश पाल, मोहन यादव सहित बड़ी संख्या में चालकों ने दोपहर तक अपने रिक्शे खड़े कर विरोध जताया।चालकों का कहना है कि पहले से ही कमाई कम हो रही है और अब उन्हें परेशान किया जा रहा है ।दोपहर बाद ठेकेदार के आश्वासन पर चालक काम पर लौटे। नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी अभिनव यादव ने बताया कि मामले को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है।उन्होंने कहा कि करीब दस वर्ष बाद शुल्क बढ़ाया गया है और 30 रुपये प्रतिदिन का नया शुल्क पहले ही अधिसूचित किया जा चुका था

# प्रेमी ने प्रेमिका से की कोर्ट मैरिजः ससुराल वालों ने गृह प्रवेश से रोका

## युवती ने कहा- पति जिम्मेदारी से भाग रहा



अमन लेखनी समाचार

अमेठी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोर्ट मैरिज के बाद भी एक युवती को उसके ससुराल में प्रवेश नहीं दिया गया ।मामला कालिका यादव उर्फ कप्तान और एक युवती का है।पहले कालिका ने युवती को शादी का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।जब युवक शादी से मुकर गया, तो पीड़िता ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।इसके बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली ।कोर्ट से शादी को मान्यता मिलने के बाद जब युवती अपनी वैवाहिक जीवन शुरू करने ससुराल पहुंची, तो परिवार वालों ने उसे घर में प्रवेश करने से मना कर दिया। पीड़िता सुबह से रात तक घर के बाहर खड़ी रही, लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी।

### वैवाहिक जीवन शुरू करने ससुराल पहुंची

जब ससुराल वालों से इस बारे में बात करने की कोशिश की गई, कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। अमेठी कोतवाली के पुलिस अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चैत्र नवरात्रि का तीसरा दिनःअमेठी के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, माता की आराधना

अमन लेखनी समाचार





अमेठी में चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विकास खंड जगदीशपुर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। संग्रामपुर मां कालिका धाम में सुबह चार बजे से ही भक्तों का आना सुरू हो जाता है दिन भर और साम आरती तक मां का दर्शन आरती में भक्तो का तांता लगा रहता है वहीं प्रशासन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है वहीं नियावा जाफरगंज सब्जी मंडी स्थित दुर्गा मंदिर और महा गौरिश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी।कमरौली थाना परिसर में महगू का पुरवा राधा कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मदुपुर में ग्राम राधा कृष्ण मंदिर और कमरौली ग्राम में श्री हनुमान मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। सेल अथॉरिटी ऑफ इंडिया शिव टेम्पल और काठौरा ग्राम में हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा की। साईं मंदिर रोड नंबर एक सहित आसपास के सभी मंदिरों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ।ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने नजदीकी मंदिरों में जाकर व्रत रखा और माता की आराधना की। उन्होंने अपने परिवार और देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।पुजारियों ने सुबह से ही मंदिरों की साफ-सफाई की व्यवस्था की।

# अमेठी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू, घर-घर जाकर दी जाएगी जानकारी

## 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान






अमन लेखनी समाचार

अमेठी में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत हुई। जिला अधिकारी निशा अनंत और जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला अस्पताल से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह विशेष अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसी दौरान 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे ।डीएम निशा अनंत ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए काम करेगी ।दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे। वे लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएंगे। संदिग्ध मरीजों की पहचान कर स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट करेंगे। साथ ही स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव की जानकारी भी देंगे।

### स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की

वे अपने घर और आसपास सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं

### डीएम ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नवरात्रि के अवसर पर सीएमओ को मिली भेंट

● आशा कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूकता रैली

### अमेठी में समाजसेवी पी के तिवारी ने डॉ. अंशुमान को भेंट की दुर्गासप्तशती

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में नवरात्रि के पावन अवसर पर एक सार्थक पहल देखने को मिली। समाजसेवी पी के तिवारी ने जिला चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएमओ को श्री दुर्गासप्तशती की पावन पुस्तक भेंट की।

मुलाकात के दौरान पी के तिवारी ने डॉ. अंशुमान को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने मां दुर्गा से सभी के लिए कृपा और आशीर्वाद की कामना की।सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने कहा नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है ।यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर पुस्तक भेंट करने का यह कदम धार्मिक और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। यह पहल लोगों को मां दुर्गा की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है।

# जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज से स्कूल चलो अभियान 2025 का किया शुभारंभ

## शिक्षकगण अभिभावकों से संपर्क कर शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में कराएं पंजीकरण...डीएम

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज से स्कूल चलो अभियान 2025 का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शवराजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बरेली से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने आत्मसात किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत नव प्रवेशी बच्चों को. जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने टीका लगाकर उनका माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उन्हें स्कूल बैग वितरित किया साथ ही पहले से अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक व स्कूल बैग का वितरण किया। मा. जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अपने मध्य प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी शिक्षक गणों से कहा कि आप लोग अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों व उपस्थित शिक्षक गणों से कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत आप लोग ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराएं, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार है आप सभी लोग गांव-गांव में इसका व्यापक प्रचार करें,स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि आप लोगों के स्कूल में जो बच्चे पढ़ते हैं उनका भविष्य आपके हाथ में हैइस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में जनपद अमेठी के 1570 विद्यालयों में 148000 बच्चे पंजीकृत थे, आज 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हुआ है जिसके तहत नए बच्चों का नामांकन प्रारंभ हो गया है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भेटुआ सीएचसी में फीता काटकर किया गया शुभारंभ

● आशा कार्यकर्ताओं ने निकाली जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जनपद के विकास खंड भेटुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत हो गई है। अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया ।यह अभियान 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा।कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकताओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से उन्होंने लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।इस एक महीने के अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेगी। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग,पशु चिकित्सा विभाग,बाल विकास एवं पुष्टाहार जैसे विभागों की भी मदद ले रहा है

# क्रय केंद्रों पर गेंहू लेकर पहुंचे किसानों का माला पहनकर किया गया भव्य स्वागत

## 07 क्रय केंद्रों पर 07 किसानों से 238 कुंतल की खरीद की गई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 हेतु आज दिनांक 01 अप्रैल 2025 को जनपद के खाद्य विभाग के केंद्र सिंहपुर, मुसाफिरखाना, जायस मंडी प्रथम, द्वितीय व तृतीय, सेमरौता एवं बाहापुर कुल 7 केंद्रों पर 7 किसानों से कुल 238 कुंतल की खरीद की गई। केंद्र सिंहपुर पर जिला खाद एवं विपणन अधिकारी के द्वारा किसान धीरेंद्र कुमार ग्राम पुरे गंभीरशाह, पन्हौना को माल्यार्पण कर खरीद प्रारंभ की गई। केंद्र पर किसान धीरेंद्र कुमार के द्वारा 90 कुंतल गेहूं विक्रय किया गया।इसी प्रकार केंद्र मुसाफिरखाना पर किसान शिव बहादुर सिंह ग्राम हरदोइया गौरीगंज के द्वारा 15.50 कुंतल, जायज मंडी प्रथम पर किसान अखिलेश कुमार ग्राम सभा बघेल के द्वारा 27.50 कुंतल, जायज मंडी द्वितीय पर किसान रामखेलावन ग्राम मवई आलमपुर के द्वारा 25 कुंतल, जायज केंद्र तृतीय पर किसान विकास चौरसिया ग्राम ब्राह्मनी के द्वारा 40 कुंतल, किसान गजेंद्र सिंह ग्राम बाहापुर के द्वारा 20 कुंतल एवं किसान सतीश कुमार बसंतपुर सेमरौता के द्वारा 20 कुंतल गेहूं विक्रय किया गया। उक्त केंद्रों पर किसानों को माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर खरीद प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 82 क्रय केंद्र अनुमोदित हैं जिसमें से 07 क्रय केंद्रों पर आज से खरीद प्रारंभ हो गई है शेष 75 केंद्रों पर गेंहू खरीद किसानों के आवक के अनुसार शीघ्र ही प्रारंभ कर दी जाएगी।

# अमेठी में गेहूं की फसल में लगी आग

अमेठी के पीपरपुर थाना क्षेत्र के नरबहनपुर गांव में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए ।ग्रामीणों ने पानी और अन्य संसाधनों का उपयोग कर आग को बुझाने का प्रयास किया। उनकी कड़ी मेहनत से आग को फैलने से रोका जा सका। हालांकि इस घटना में लगभग 1 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ।ग्रामीणों की तत्परता से बड़े नुकसान को टाला जा सका। यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते तो आग और अधिक फसल को नुकसान पहुंचा सकती थी। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# साइबर ठगी के पीड़ितों को राहत .....

## 6 लोगों को वापस मिले 1.72 लाख रुपए, पुलिस ने की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार




अमेठी में साइबर ठगों के 6 लोगों को 1.72 लाख रुपए वापस मिले।

अमेठी की गौरीगंज कोतवाली पुलिस साइबर डेस्क ने साइबर ठगी के शिकार हुए 6 पीड़ितों को राहत दी है। पुलिस ने मार्च में ठगी का शिकार हुए लोगों के 1 लाख 72,334 रुपये वापस करवाए हैं ।पीड़ितों में शशिकांत तिवारी से 83,800 रुपए, चंद्र प्रकाश हलवाई से 48,034 रुपए और विपिन मौर्य पठानपुर से 2,500 रुपए की ठगी हुई थी। इसके अलावा संजीत कुमार द्विवेदी से 30,000 रुपए, उत्कर्ष मिश्रा से 3,000 रुपए और जीजीआईसी के अतुल कुमार से 5,000 रुपए की ठगी की गई थी।

गौरीगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि जिले में हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है।ठग कभी लॉटरी लगने का झांसा देते हैं तो कभी एटीएम बंद होने का बहाना बनाते हैं ।उन्होंने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि कोई भी बैंक कर्मचारी फोन पर एटीएम, क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते की जानकारी नहीं मांगता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे फोन पर किसी को भी अपने बैंक खाते की जानकारी न दें।साथ ही ठगी का शिकार होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

# मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश



कवर स्टोरी

**डॉ. विपुल रस्तोगी**
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षण:** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। ❀

प्रस्तुति: विनीता

# थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट

**चेतना झा**

***मेरे दिलवर,** यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

***-तुम्हारी प्रिया***



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए:** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटन:** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थल:** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा। ❀


# न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

सजेशन

**ललिता गोयल**

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

**साबुत अनाज:** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीज:** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवे:** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केला:** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है। ❀

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**



हेयर केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

# क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।

**डेंड्रफ होने के कारण:** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।



**नारियल तेल है कारगर:** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैल:** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।



एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दही:** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।



**मेथी दाना:** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है। ❀

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)

आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।


# स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप

**डॉ. मोनिका शर्मा**

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।

**समस्याओं का घेरा:** हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।



**गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्स:** गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें। ❀

## समय रहते चेतें



**आज के** तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।